रोहतक
मंगलवार 3 नवंबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
नवमी वर्ष : 30, अंक : 271
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 33.1°C
न्यून. 13.5°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



5 दस साल के सरबर्थो मणि ने किया उलटफेर, ग्रीस ग्रैंडमास्टर को दी मात

haribhoomi.com

RENAULT TRIBER TCe
WARRANTY 3 YEARS
100PS
RE-019-LT
शुरुआती कीमत
₹7.84 L*
625L बूट स्पेस*
7 सीटर फ़ैमिली कार
21 kmpl फ़्यूल एफ़िशिएंसी
*the price mentioned above is the ex-showroom price for the Evolution Turbo variant, and may vary deperding on the model/variant and features in the car. all Renault vehicles now come with standard warranty of 3 years or 100 000 km, whichever comes first. #625 litres boot space with 5-seater configuration and 3rd row seats removed. *21kmpl fuel efficiency as certified by Test Agency Under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. the features mentioned in this advertisement may vary depending on the model/variant and features in the car. corporate / PSU / defence personnel/ government employee / professional benefits applicable on each model are basis eligibility of the customer and based on submission of required proof by the customer. the final price valid will be the one on the date of purchase. for detailed terms and conditions, please visit www.renault.co.in
Renault recommends Castrol
renault.co.in
SHOWROOMS: HARYANA: RENAULT ROHTAK CITY Ph: 9311700651. RENAULT BHIWANI Ph: 8588874682. RENAULT FARIDABAD CITY Ph: 8860681876. RENAULT JHAJJAR Ph: 8130501404. RENAULT JIND Ph: 9582547926. RENAULT KAITHAL Ph: 9582331769. RENAULT KARNAL Ph: 7428190245. RENAULT KURUKSHETRA Ph: 8588875152. RENAULT PANCHKULA Ph: 8448511174. RENAULT PANIPAT Ph: 8588891170. RENAULT SONIPAT Ph: 9289631444. RENAULT REWARI Ph: 9643335838.

खबर संक्षेप

इलेवन पावर के खिलाफ कैवियट दाखिल

चंडीगढ़। हरियाणा गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी 'इलेवन पावर' को 25 साल के लिए बिजली वितरण का लाइसेंस देने के मामले में अभी भी पेंच दिखाई देने लगा है। मामले में कंपनी द्वारा सरकार और एचईआरसी के आदेश के विरुद्ध अपील दायर करने की संभावनाओं को देखते हुए इंजीनियर्स एसोसिएशन की ओर से कैवियट दाखिल कर दी गई है। हरियाणा बिजली नियामक आयोग ने 19 अक्टूबर को कंपनी को समानांतर बिजली वितरण का लाइसेंस दिया था, लेकिन 28 अक्टूबर को रोक लगा दी। फैसले को लेकर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) और ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने नई दिल्ली स्थित अपीलेट ट्रिब्यूनल फॉर इलेक्ट्रिसिटी में अलग-अलग कैविएट दाखिल की हैं।

'वोट बचाओ-देश बचाओ चौपाल' आज : राव



चंडीगढ़। दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 1 नवंबर को आयोजित 'वोट बचाओ–देश बचाओ' की रैली के बाद हरियाणा प्रदेश कांग्रेस मंगलवार से 25 नवंबर तक प्रदेशभर में तीसरे चरण के अंतर्गत 'वोट बचाओ–देश बचाओ चौपाल' अभियान चलाएगी। इस प्रदेशव्यापी अभियान का शुभारंभ 3 नवंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विधानसभा क्षेत्र लाडवा से किया जाएगा। प्रदेश प्रभारी संजय दत्त के मार्गदर्शन एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में यह अभियान प्रदेश के प्रत्येक जिले, ब्लॉक, गांव और बूथ तक पहुंचाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता को उसके संवैधानिक मताधिकार के प्रति जागरूक करना है।

संविधान पखवाड़े के तहत जनप्रतिनिधि सम्मेलन में बोले लोकसभा अध्यक्ष

लोकतंत्र में असहमति का भी हो सम्मान साझे प्रयासों से ही आगे बढ़ेगा देश : बिरला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लोकतंत्र में विचारों और दृष्टिकोण में भिन्नता हो सकती है तथा सहमति और असहमति भी होती है, लेकिन असहमति का भी सम्मान होना चाहिए। असहमति दिशा देती है, दर्शन देती है और काम करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि सहमति-असहमति के बावजूद देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए सभी के साझे प्रयास होने चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन चलाना एक जिम्मेदारी है, लेकिन उससे बड़ी जिम्मेदारी जनसेवा की है। बिरला सोमवार को पंचकूला के इंद्रधनुष ओडिटोरियम में हरियाणा विधानसभा संविधान पखवाड़ा के तहत आयोजित जनप्रतिनिधि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण, नेता प्रतिपक भूपेंद्र सिंह हुड्डा, विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्ढा, संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा सहित मंत्रीगण, विधायकगण उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर जनप्रतिनिधि सम्मेलन का उद्घाटन किया। लोकसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा की धरती कर्म की धरती रही है। भगवान श्रीकृष्ण की धरती ने भगवद्गीता के माध्यम से कर्म का संदेश दिया है। बिरला ने प्रदेश के वीर जवानों, किसानों और खेल प्रतिभाओं को भी जमकर सराहा।



संविधान जीवंत रूप में देश का मार्गदर्शक

लोकसभा स्पीकर ने कहा कि संविधान आज भी जीवंत रूप से हम सभी का मार्गदर्शन करता है। संविधान केवल शासन चलाने की व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह भारत की आत्मा है। इसमें भारत की राष्ट्रीय चेतना के साथ देश के करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं का प्रतिबिंब है। संविधान हमारे हर दृष्टिकोण और हर विचार में मार्गदर्शन करता है। इसी से ही देश का लोकतंत्र मजबूत हो रहा है।

हरियाणा की प्रगति और खुशहाली हमारी साझा मंजिल : नायब सैनी

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की राजनीतिक राहें और विचारधाराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन हरियाणा की प्रगति और प्रदेश के लोगों की खुशहाली सभी की साझा मंजिल है। हम सभी की पहचान इस बात से है कि हम हरियाणा की जनता के प्रतिनिधि हैं। जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे जनता की आकांक्षाओं और आवश्यकताओं को समझते हुए प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा विधानसभा द्वारा संविधान पखवाड़े के तहत आयोजित जनप्रतिनिधि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूरे कर लिए हैं। हीरक जयंती के इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर भविष्य की दिशा तय करने का अवसर है। सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष की उपस्थिति से इसकी गरिमा बढ़ी है और संसदीय प्रक्रियाओं, सदन की मर्यादा तथा जनप्रतिनिधियों के दायित्वों पर उनका मार्गदर्शन सभी के लिए मूल्यवान है।

होर्डिंग में फोटो नहीं थी, नाराज 'फूफा' बनकर निकले भूपेंद्र हुड्डा

पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में सोमवार को आयोजित जनप्रतिनिधि सम्मेलन के दौरान उस समय असहज स्थिति बन गई, जब नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा कार्यक्रम स्थल के बाहर लगे होर्डिंग्स पर अपनी तस्वीर नहीं देखकर 'फूफा' की तरह नाराज हो गए। पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा इस ओर ध्यान दिलाए जाने के बाद हुड्डा कार्यक्रम में शामिल हुए बिना ही वापस जाने लगे। उन्हें मनाने के लिए विधानसभा के अधिकारी और कर्मचारी पीछे-पीछे पहुंचे। बाद में विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण से बातचीत के बाद हुड्डा कार्यक्रम में लौटे। इसके बाद मंच के बैकड्रॉप पर भी उनकी तस्वीर शामिल की गई। कार्यक्रम स्थल के बाहर लगाए गए होर्डिंग्स पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, राज्यपाल असीम घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तस्वीरें लगाई गई थीं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की तस्वीर नहीं थी। इसे लेकर हुड्डा ने कड़ी नाराजगी जताई और वहां से वापस जाने लगे। अधिकारियों ने उन्हें रोकने और मनाने का प्रयास किया। विधानसभा अध्यक्ष से बातचीत के बाद वे कार्यक्रम में शामिल हुए।

शहीद स्मारक का उद्घाटन पांच को

चंडीगढ़। अंबाला छावनी में 1857 में आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक के 5 नवम्बर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा उद्घाटन को लेकर अम्बाला जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। इस कड़ी में ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में शहीद स्मारक में बैठक हुई जिसमें सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव के. मकरंद पांडुरंग के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान अधिकारियों ने शहीदी स्मारक का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बैठक के दौरान कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी व अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। इससे पहले आयुक्त एवं सचिव के मकरंद पांडुरंग ने शहीदी स्मारक के उद्घाटन से संबंधित कार्यक्रम की तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक आज

चंडीगढ़। हरियाणा मंत्री समूह की अहम बैठक मंगलवार की सुबह रखी गई है। पांच नवंबर को अंबाला छावनी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन से पहले बैठक में अहम फैसले लेने की उम्मीद है। कर्मचारियों को डीए में (महंगाई भत्ते) में वृद्धि कर सौगात देने की तैयारी है। केंद्र सरकार और पड़ोसी राज्य राजस्थान की तर्ज पर सरकार भी अपने राज्य कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते डीए में तीन फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दे सकती है। इस प्रस्ताव पर मुहर लगती है, तो प्रदेश के कर्मचारियों का डीए 60 फीसदी से बढ़कर 63 फीसदी हो जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री सैनी के हालिया गुजरात दौरे के दौरान निवेशकों के साथ लगभग 25,000 करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर हुए थे। इन प्रस्तावों को धरातल पर उतारने, उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया तय करने और औपचारिक प्रशासनिक मंजूरी देने पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। निवेश के इन प्रस्तावों में मुख्य रूप से एग्रीकल्चर और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर और सेमीकंडक्टर क्षेत्र शामिल हैं।

पंजाब के उद्यमियों को हरियाणा में निवेश का न्योता, नायब ने दिया सहयोग का भरोसा

- उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से दी जा रही सुविधाएं



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी से सोमवार को हरियाणा निवास में पंजाब से आए उद्योगपतियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों का स्वागत करते हुए उन्हें हरियाणा में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया और आश्वासन दिया कि प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए उन्हें सरकार की ओर से हर संभव सहयोग एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने और निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य में उद्योगपतियों की सुविधा के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से विभिन्न विभागों की आवश्यक स्वीकृतियां एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके अलावा, सरकार द्वारा उद्योगों की जरूरत के अनुसार औद्योगिक भूमि भी उपलब्ध करवाई जा रही है, ताकि निवेशकों को अपना कारोबार स्थापित करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लगातार उद्योगपतियों के संपर्क में रहकर उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित कर रहा है।

पासपोर्ट नवीनीकरण में देरी पर हाईकोर्ट सख्त

चंडीगढ़। पासपोर्ट नवीनीकरण में डेढ़ साल से अधिक समय तक अड़चन आने पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने क्षेत्रीय पासपोर्ट प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि किसी नागरिक को कोर्ट और पासपोर्ट कार्यालय के बीच पेंडुलम की तरह झूलने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। जस्टिस कुलदीप तिवारी ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए है, न कि नागरिक को अनिश्चितकाल तक मौलिक अधिकारों से वंचित रखने के लिए। जब न्यायिक आदेश का आशय स्पष्ट हो, तो पासपोर्ट अधिकारी किसी खास शब्द या अभिव्यक्ति पर जोर नहीं दे सकते।मामला हिसार निवासी एक व्यक्ति के पासपोर्ट नवीनीकरण से जुड़ा था। उसके खिलाफ दर्ज चार प्राथमिकी में से तीन में वह बरी हो चुका है, जबकि एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत दर्ज मामला विचाराधीन है।

समान परिस्थितियों वाले कैदियों से भेदभाव नहीं

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति से अपराध होने का अर्थ यह नहीं कि उसके सुधरने की सभी संभावनाएं खत्म हो गई हैं। सजा का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि दोषी को गलती का एहसास कराकर समाज की मुख्यधारा में लौटने का अवसर देना भी है। जस्टिस सुमित गोयल ने कहा कि उम्रकैद के दोषियों की समयपूर्व रिहाई पर विचार करते समय जेल में आचरण, मानसिक स्थिति, अपराध की गंभीरता, सामाजिक पृष्ठभूमि और पैरोल के दौरान व्यवहार को उचित महत्व दिया जाना चाहिए। यह मामला पानीपत में घर में घुसकर अपराध करने से जुड़ा है।

टीजीटी भर्ती में समान अंक पर आयु को आधार बनाना गलत, हाईकोर्ट ने लगाई रोक

- टीजीटी अंग्रेजी भर्ती में चयन से वंचित अभ्यर्थियों को राहत

चंडीगढ़। हरियाणा में टीजीटी अंग्रेजी शिक्षक बनने की प्रक्रिया में सफल रहे उन अभ्यर्थियों को राहत की उम्मीद जगी है, जिन्हें समान अंक होने के बावजूद उम्र में कम होने के कारण नियुक्ति नहीं मिली। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने ऐसे दो मामलों में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) को दावों पर फिर से विचार करने का निर्देश दिया है। आयोग को पूर्व फैसले के आधार पर छह सप्ताह में कारण सहित आदेश देना होगा। अभ्यर्थी पात्र पाए गए तो उन्हें तत्काल लाभ देना होगा। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की पीठ ने संजू व अन्य की अलग-अलग याचिकाओं पर यह आदेश दिया। याचिकाकर्ताओं ने आयोग के विज्ञापन के तहत टीजीटी अंग्रेजी (रेस्ट ऑफ हरियाणा) श्रेणी में आवेदन किया था। उन्होंने चयन प्रक्रिया पूरी की और दस्तावेज जांच के लिए बुलाए गए, लेकिन 27 जुलाई 2024 को घोषित अंतिम परिणाम में उन्हें चयनित नहीं किया गया। उन्हें बताया गया कि उनके अंक कटआफ के बराबर थे, लेकिन उम्र कम होने के कारण उन्हें वरीयता नहीं मिली। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, विभाग ने 13 मार्च 2025 को दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित नहीं होने वाले 68 चयनित अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रद कर दी थी। इसके बाद 28 मई 2026 को संशोधित परिणाम जारी हुआ। उनका आरोप था कि रद किए गए अभ्यर्थियों में से 67 को फिर सूची में शामिल कर लिया गया।

जेलों में बनाए जाएंगे विजिटर बोर्ड

चंडीगढ़। प्रदेश की सभी 20 जेलों में कैदियों के अधिकारों की सुरक्षा, जेल प्रशासन की निगरानी और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए सरकार ने जिला स्तर पर विजिटर बोर्ड गठित कर दिए हैं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित इन बोर्डों में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों, मानवाधिकार आयोग के प्रतिनिधि तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया गया है।जेल विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और माडल प्रिजन मैनुअल-2016 के प्रविधानों के अनुपालन में ये बोर्ड गठित किए हैं। बोर्ड में जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक अथवा पुलिस उपायुक्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन, जिला रोजगार अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला उद्योग अधिकारी, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता सहित अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

कोटेशन आमन्त्रण सूचना

ड्रोन ऑपरेटर सहित ड्रोन किराये पर लेने हेतु

कार्यालय सहायक कृषि अभियंता, रोहतक द्वारा धान कटाई की अवधि तक एक ड्रोन (ऑपरेटर सहित) किराये पर लेने हेतु, इच्छुक एवं पात्र फर्मों/एजेंसियों से कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। ड्रोन में स्पष्ट जियो टैग युक्त फोटो एवं विडियो कैप्चर करने वाला कैमरा, लाइव स्ट्रीमिंग सुविधा, GNSS आधारित पोजिशनिंग, जियोफेंसिंग, रिटर्न-टू-होम (Return-to-Home) सुविधा तथा उड़ान डेटा लॉगिंग की व्यवस्था उपलब्ध होनी चाहिए। ड्रोन का संचालन, योग्य ड्रोन ऑपरेटर द्वारा किया जाएगा। संबंधित फर्म/एजेंसी को लागू DGCA नियमों एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों का पालन करना होगा तथा आवश्यक पंजीकरण, प्रमाणन एवं परिचालन अनुमतियाँ, जहाँ लागू हों, सुनिश्चित करनी होंगी।

इच्छुक फर्में ड्रोन एवं ऑपरेटर सहित प्रति दिन के किराये की दर का कोटेशन प्रस्तुत करें। कोटेशन में लागू कर तथा अन्य सभी देय खर्चों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए।

कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः 04 नवंबर 2026, सुबह 10:00 बजे तक।

सभी कुटेशन दिनांक 04 नवम्बर 2026 को सुबह 11:00 बजे उप मण्डल अधिकारी (नागरिक), रोहतक कार्यालय में माननीय SDM महोदय श्री आशीष कुमार के समक्ष खोली जाएँगी।

कोटेशन जमा करने का पताः

कार्यालय सहायक कृषि अभियंता

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, रोहतक

जाट कॉलेज के निकट, रोहतक (हरियाणा)।

मो. नं. 8168494418, 9671247857

व्यय बजट में धनराशि की उपलब्धता एवं सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अधीन होगा। कोटेशन की प्रक्रिया लागू वित्तीय सभी कुटेशन एवं विभागीय निर्देशों के अनुसार संपन्न की जाएगी। कार्यालय को नियमानुसार किसी भी कोटेशन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

Sd/-
Assistant Agriculture Engineer
Rohtak

पीआरडीएच-1004/11/235/2027/50681/88/6 दि. 02.11.26

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक वर्ष के लिए उपमण्डल कार्यालय, गन्नौर के प्रांगण में चाय की कैन्टीन/कार पार्किंग/फोटोस्टेट मशीन के ठेकों की नीलामी दिनांक 13.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर की अध्यक्षता में की जानी है। जिसमें नीलामी की शर्तें निम्न प्रकार से होगी:-

1. बोली देने वाले व्यक्ति को अपने साथ अपना आधार कार्ड/पहचान-पत्र, पैन कार्ड तथा अपने बैंक खाते की पास बुक की सत्यापित प्रति एवं चाय की कैन्टीन के लिए 15,000/- रूपये, कार पार्किंग के लिए 7,000/- रूपये, फोटोस्टेट के लिए 7,000/- रूपये की राशि जमानत के तौर पर जमा करवाकर नीलामी में भाग ले सकता है।
2. अधिकतम बोली देने वाले बोलदाता को कुल बोली की 25 प्रतिशत की राशि मौके पर तथा शेष बकाया राशि बोली के 15 दिन के अन्दर-अन्दर जमा करवानी होगी। यदि वह इस राशि को जमा करवाने में असफल हो जाता है तो उसकी जमानत राशि जब्त करके द्वितीय बोलीदाता को ठेका अलाट करने बारे प्रक्रिया अमल में लाई जायेगी।
3. पार्किंग फीस की वसूली के लिए ठेकेदार स्वयं जिम्मेवार होगा।
4. नीलामी पार्किंग पुरानी तहसील व नये कॉम्प्लैक्स के लिए होगी।
5. फोटोस्टेट मशीन को पहले ही निर्धारित किये गए स्थान पर चलाना होगा, उसका किसी प्रकार का प्रसारण पूर्व अनुमति से ही हो सकेगा। ठेकेदार स्वयं ही कार्य करेगा, किसी अन्य व्यक्ति को स्थानांतरण/उपट्टे पर देने का अधिकार नहीं होगा तथा श्रम कानूनों की पूर्णतः पालना करनी होगी।
6. चाय की कैन्टीन में सभी वस्तुएं अच्छी क्वालिटी की रखनी होंगी और उनकी दर अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक नहीं होगी। निर्धारित दरों की सूची दुकान के बाहर लगानी होगी।
7. प्राकृतिक प्रकोप या किसी भी प्रकार से होने वाली हानि को ठेकेदार स्वयं वहन करेगा। इस बारे किसी भी प्रकार की छुट अथवा माफी नहीं होगी तथा कोई भी मुआवजा नहीं दिया जायेगा।
8. यह ठेका दिनांक 14.11.2026 से दिनांक 13.11.2027 तक मान्य होगा।
9. उच्चतम बोली देने वाले को इकरारनामा व जमानत नामा स्टाम्प पेपर पर देना होगा, यदि वह कागजात बोली स्वीकृति के एक सप्ताह के अन्दर-अन्दर प्रस्तुत नहीं करेगा तो ठेका रद्द समझा जायेगा तथा उसकी जमा करवाई गई अग्रिम जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।
10. यह है कि ठेका स्वीकृत होने पर स्वीकृति की तिथि से दिनांक 13.11.2027 को ठेकों की समाप्ति तक बिजली का बिल ठेकेदार स्वयं भरेगा।
11. यह है कि उपरोक्त ठेकों से संबंधित किसी भी शर्त की उल्लंघना करने पर उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर द्वारा उक्त ठेका रद्द कर दिया जायेगा।
12. उक्त परिसर में स्थित किसी भी ठेकेदार द्वारा शर्तों की पालना न करने पर धरोहर राशि जब्त करने के लिए उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर के आदेश मान्य होंगे।
13. उपरोक्त ठेकों की अंतिम स्वीकृति व रद्द करने का अधिकार उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर का होगा।
14. उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर के द्वारा ठेके को बिना कारण बताये रद्द कर सकते है, उनका निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

हस्ता/-उपमण्डल अधिकारी (ना०),
पीआरडीएच-1029/11/814/2027/50722/88/6 दि. 02.11.26 **गन्नौर।**

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	लॉट संख्या	विवरण	नीलामी प्रारंभ तिथि/समय
1	ADVT-UMB-KARR-OH-388-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल खरड़.– फतेहगढ़ साहिब. एवं खरड़.– लाल कलां खंड में समपार फाटकों/आर.यू.बी./एल.एच.एस. पर स्थित यूनिपोल/होर्डिंग वाले 26 स्थलों का कुल विज्ञापन क्षेत्र 3748 वर्ग फुट है।	12.11.2026 12:00:00 hrs.
2	ADVT-UMB-LHA-OH-386-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के लहरागागा– गुरने खंड में समपार फाटकों/आर.यू.बी./एल.एच.एस. पर स्थित 04 स्थानों पर 08 साइटों, जिनमें यूनिपोल/होर्डिंग शामिल हैं, का कुल विज्ञापन क्षेत्र 1440 वर्ग फुट है।	12.11.2026 12:00:00 hrs.
3	ADVT-UMB-SASN-OH-389-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के मोहाली./ खरड़ खंड में समपार फाटकों/आर.यू.बी./एल.एच.एस. पर स्थित यूनिपोल/होर्डिंग वाले 29 स्थलों का कुल विज्ञापन क्षेत्र 6346 वर्ग फुट है।	12.11.2026 12:00:00 hrs.
4	ADVT-UMB-NLDM-OH-347-26-1	साइट प्लान के अनुसार नंगल डैम (NLDM) रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल/होर्डिंग के माध्यम से विज्ञापन के लिए कुल दो (02) साइटें हैं जिनका कुल क्षेत्रफल 870 वर्ग फुट है।	12.11.2026 12:00:00 hrs.
5	ADVT-UMB-ABS-OH-390-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के बठिंडा.– अबोहर खंड में समपार फाटकों/आर.यू.बी./एल.एच.एस. पर स्थित 04 स्थानों पर 04 साइटों, जिनमें यूनिपोल/होर्डिंग शामिल हैं, का कुल विज्ञापन क्षेत्र 576 वर्ग फुट है।	12.11.2026 12:00:00 hrs.
6	ADVT-UMB-PTA-OH-385-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के राजपुरा–धुरी खंड में समपार फाटकों/आर.यू.बी./एल.एच.एस. पर स्थित 04 स्थानों पर 08 साइटों, जिनमें यूनिपोल/होर्डिंग शामिल हैं, का कुल विज्ञापन क्षेत्र 1152 वर्ग फुट है।	12.11.2026 12:00:00 hrs.
7	ADVT-UMB-DUI-OSN-382-26-1	धूरी रेलवे स्टेशन पर 140 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 16 विज्ञापन बोर्डों, सगरूर में 87.5 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 10 विज्ञापन बोर्डों तथा सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर 35 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 04 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन (नॉन–डिजिटल) (स्थल योजना के अनुसार)।	12.11.2026 12:00:00 hrs.
8	ADVT-UMB-KARR-OSN-381-26-1	खरड़ रेलवे स्टेशन पर 225 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 09 विज्ञापन बोर्डों, समराला में 210 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 08 विज्ञापन बोर्डों तथा न्यू मोरिंडा रेलवे स्टेशन पर 510 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 17 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन (नॉन–डिजिटल) (स्थल योजना के अनुसार)।	12.11.2026 12:00:00 hrs.

नीलामी/लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **3885/26**

HARYANA LIVESTOCK DEV. BOARD, HISAR

ORDER

Following rationalization/surplus and below Farm standard animals of the Govt. Livestock Farm, Hisar will be put to public auction on dt.03-11-2026 at 11.00 AM at Concerned Sector.

	Hariana	Sahiwal	Tharparkar	Cross Breed	Frieswal	HF	Friesen Cross	Murrah Baffalo	Others	Total
Milch	-	4	-	-	-	-	-	-	-	4
Dry	7	7	-	-	-	-	-	10	-	24
Heifers	-	4	-	-	-	-	-	3	-	7
Male Produce	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Female Produce	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Female Calve	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Bullock	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Young Bull	4	4	3	-	-	-	-	5	-	16
Male Calve	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Hack Colt	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Dunkey Mare	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Hack Filly	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Beetal Goat	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Large White Yorkshire Sows	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Murrah Breeding Bulls	-	-	-	-	-	-	-	-	5	5
Hariana Young Bull	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Crossbred Breeding Bull	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Hisar Dale Sheep	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Munjl Sheep	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Chabro (Male)	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Chabro (Female)	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Kadaknath (male)	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Kadaknath (Female)	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0
Total	11	19	3					18	5	56
									Total	56

1. The number of animals for auction can be increased or decreased at the time of auction. The auction will be conducted on the basis of "as is where is" basis. There is no guarantee for future production/reproduction performance of the animals to be auctioned. Bidders are requested to satisfy themselves prior to taking part in the bid.
2. The bidder shall have to deposit a security of Rs. 5000/- (Rupees five thousand only) for earnest money for taking part in the bid.
3. Fresh security in cash will have to be deposited for subsequent bid if the bidder has been successful in the previous bid.
4. The successful bidder will have to deposit 100% payment of the bid amount on the spot as soon as the bid of animals is over otherwise security deposited by the bidder will be forfeited.
5. Animals left over from the previous auctions may also be put to the public auction.
6. Animals of Sector-I, II, III, SBF, PBF & Hatchery Farm can be seen on the day of auction before start of auction at respective Sectors.

Sd/- Chief Superintendent-cum-DDO,
Haryana Livestock Dev. Board, Hisar

टेंडर नोटिस

सोनीपत ज़िले में कैडस्ट्रल मैपिंग और सर्विलांस के लिए 2 डीजीसीए-प्रमाणित ड्रोन सेवाओं और पेलोड के लिए निविदा आमंत्रित दिनांक 06.11.2026 तक किए जाते हैं।

ड्रोन के लिए स्पष्ट नियम व शर्तें निम्न प्रकार से हैं:-

- ड्रोन संचालन को ड्रोन नियम, 2021 (संशोधित रूप में) का सक्रिय रूप से पालन करना होगा
- ड्रोन स्पष्ट जियोटैग की गई इमेजरी/वीडियो को कैप्चर करने में सक्षम उच्च-रिज़ॉल्यूशन RGB कैमरों, लाइव-स्ट्रीमिंग कार्यक्षमता, ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (GNSS)-आधारित स्थिति (सब-मीटर/मीटर रिज़ॉल्यूशन) से लैस होने चाहिए।
- सभी इमेजरी को वर्ल्ड जियोडेटिक सिस्टम (WGS84) समन्वय संदर्भ प्रणाली का उपयोग करके सीधे गांव के कैडस्ट्रल (खसरा) मानचित्रों पर सक्रिय बर्निंग साइटों, धुएं के गुबार, और नए पुराने जले हुए निशान को मैप करना होगा।
- उच्च दृश्य स्पष्टता, स्थिरता और सर्वेक्षण आउटपुट की अंतः क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के लिए जहाँ व्यावहारिक हो साफ़ मौसम की स्थितियों के दौरान सर्वेक्षण आयोजित किए जाने होंगे।
- उपग्रह से बचने वाली आग को पकड़ने के लिए देर शाम के घंटों (3:00 PM से 9:00 PM) पर समर्पित, ध्यान के साथ दिन के उजाले के दौरान उड़ान निगरानी की जाएगी।
- ड्रोन का संचालन योग्य ड्रोन ऑपरेटर द्वारा किया जाएगा।
- संबंधित फर्म/एजेंसी को लागू DGCA नियमों एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों का पालन करना होगा तथा आवश्यक पंजीकरण, प्रमाणन एवं परिचालन अनुमतियाँ, जहाँ लागू हों, सुनिश्चित करनी होंगी।
- व्यय बजट में धनराशि की उपलब्धता एवं सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अधीन होगा। निविदाएं की प्रक्रिया लागू वित्तीय सभी निविदाएं एवं विभागीय निर्देशों के अनुसार संपन्न की जाएगी। कार्यालय को नियमानुसार किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

इच्छुक फर्म ड्रोन एवं ऑपरेटर सहित प्रति दिन के किराये की दर का मोहर बंद निविदाएं/कोटेशन प्रस्तुत करें। निविदाएं/कोटेशन में लागू कर तथा अन्य सभी देय खर्चों का स

रोहतक
मंगलवार 3 नवंबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
नवमी वर्ष : 30, अंक : 271
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 33.1°C
न्यून. 13.5°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



5 हर्ष की फिरकी का कहर, एक पारी में 53 रन देकर झटके शानदार 9 विकेट

खबर संक्षेप

आप छोड़ने वाले तीनों विधायक भाजपा में शामिल

चंडीगढ़। पंजाब चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) के 3 विधायक भाजपा में शामिल हो गए हैं। इनमें अमृतसर नॉर्थ से कुंवर विजय प्रताप सिंह, समाना से चेतन सिंह जौड़ामाजरा और सनौर से हरमीत सिंह पठानमाजरा शामिल हैं। भाजपा जॉइन करने के बाद विधायक कुंवर ने कहा कि पंजाब में गैंगस्टर सरकार का हिस्सा बन गए हैं। फिरौती की इंडस्ट्री चल रही है। इन तीनों विधायकों ने पिछले 2 दिनों में आप से इस्तीफा दिया। रविवार को जौड़ामाजरा और पठानमाजरा के इस्तीफे के बाद सोमवार को कुंवर ने भी पार्टी छोड़ दी। *एजेंसी*

सोना 2530 रुपये सस्ता 1.38 लाख पर आया

नई दिल्ली। दिवाली से पहले सोने-चांदी के दाम में गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, सोमवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2530 रुपये गिरकर 1.38 लाख रुपये आ गया। वहीं, एक किलो चांदी 1372 रुपये घटकर 1.80 लाख रुपये पर आ गई है। शुक्रवार को सोना 1.40 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 1.81 लाख रुपये किलो बिक रही थी। सोना-चांदी की कीमत में गिरावट अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर मजबूत होने व बड़े निवेशकों के ऊंचे दामों पर बिकवाली करने से हो रही है। *एजेंसी*

सीने में दर्द के चलते शरद पवार अस्पताल में भर्ती

पुणे। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार को सोमवार को पुणे के निजी



अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें सांस लेने पर बढ़ने वाले सीने के दर्द की शिकायत थी। 85 साल के पवार को खांसी होने के बाद पुणे के प्राइवेट हॉस्पिटल रूबी हॉल क्लिनिक लाया गया। उनकी बेटी, बारामती सांसद और एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने यह जानकारी दी। सुले के मुताबिक, पवार के मेडिकल टेस्ट चल रहे हैं। उनके स्वास्थ्य से जुड़े सभी पैरामीटर स्थिर हैं। *एजेंसी*

टाइगर श्रॉफ : करनाल से महिला गिरफ्तार

मुंबई। अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर गोलीबारी के मामले में पुलिस ने करनाल से एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। 18 अक्टूबर को हुई गोलीबारी में अब तक 13 लोग पकड़े जा चुके हैं। मुंबई के जुहू इलाके में उन पर फुटबाल मैदान से बाहर आते ही गोलीबारी की गई थी। इस हमले में वह बाल-बाल बच गए थे। लॉरेंस गैंग ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा था कि जो भी सलमान खान के साथ काम करेगा, उसे नहीं छोड़ा जाएगा। *एजेंसी*

एनसीआर में 7-8 को ही आतिशबाजी सिर्फ ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति

सुप्रीम कोर्ट ने कहा-पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना सही नहीं

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दीपावली का त्योहार धार्मिक, सामाजिक और भावनात्मक महत्व रखता है, लेकिन पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना इस उत्सव के मूल उद्देश्य को ही निष्फल कर देता है। दीपावली से कुछ दिन पहले उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 7 और 8 नवंबर को सुबह छह से सात बजे तथा रात आठ से दस बजे तक हरित पटाखे चलाने की अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने कहा कि पटाखे चलाने से वायु प्रदूषण होगा। पीठ ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 25(1) के तहत प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म को मानने, उसका पालन करने और उसका प्रचार करने का अधिकार प्राप्त है, लेकिन यह अधिकार सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता, स्वास्थ्य और संविधान के भाग-3 में उल्लेखित अन्य प्रावधानों के अधीन है। पीठ ने कहा, ''यह स्पष्ट किया जाता है कि पटाखों पर पहले की तरह पूर्ण प्रतिबंध 9 नवंबर, 2026 से फिर से लागू हो जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित 'जीवन के अधिकार' में स्वस्थ, सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीने का अधिकार भी शामिल है।

क्या होते हैं ग्रीन पटाखे : *ग्रीन पटाखे ऐसे पटाखे होते हैं, जो सामान्य पटाखों के मुकाबले कम प्रदूषण फैलाते हैं। इनमें हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल कम किया जाता है, जिससे इनके जलने पर कम धुआं और कम हानिकारक गैसें निकलती हैं।*

खास बातें

- सुप्रीम कोर्ट ने लगातार दूसरे साल दी अनुमति
- अस्पताल-वृद्धाश्रम जैसे साइलेंस जोन में रोक
- शैक्षणिक संस्थानों को भी 'नो-क्रैकर जोन' घोषित किया जाए
- उचित मार्किंग हो, लोगों को जानकारी दी जाए



दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप का दूसरा चरण लागू

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेप के दूसरे चरण की पाबंदियां लागू कर दी हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 301 से 400 के बीच यानी बहुत खराब श्रेणी में पहुंचने पर प्रदूषण नियंत्रण के लिए सख्ती बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को एक्यूआई 324 दर्ज किया गया। जो इस साल 4 फरवरी को दर्ज हुए एक्यूआई 339 के बाद से अब तक दूसरा सबसे अधिक एक्यूआई दर्ज किया गया है। दिल्ली में निर्माण संबंधी गतिविधियों पर अगले आदेशों तक रोक रहेगी।

पटाखों से बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलता है

पटाखों पर प्रतिबंध से जुड़े मामले में आदेश पारित करते हुए पीठ ने कहा कि उसके समक्ष पेश सभी पक्ष इस बात पर सहमत थे कि पटाखे चलाने से दिल्ली-एनसीआर में बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलता है। पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों के आधार पर या अधिकारियों द्वारा अपने स्तर पर उठाए गए कदमों से भी अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं हो सके हैं। इसने कहा, ''इससे स्पष्ट है कि समस्या निर्देशों के क्रियान्वयन में है। निश्चित रूप से, इस दिशा में सभी संबंधित पक्षों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किये जाने की आवश्यकता है।''

टिकट महंगी है तो फ्लाइट से मत जाइये

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बढ़ते हवाई किराए को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता के 700% तक किराया बढ़ने के दावे पर कोर्ट ने कहा, 'आप हवाई यात्रा मत करिए। आगे बढ़िए। जस्टिस जे. विक्रम नाथ की बेंच के सामने वकील ने दलील दी कि विमान का किराया 700% तक बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि हवाई यात्रा जरूरी सेवा है और किराए में इतनी ज्यादा बढ़ोतरी संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। हालांकि, कोर्ट ने इन दलीलों पर सुनवाई नहीं की और याचिका खारिज कर दी।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च में शामिल हुए गृहमंत्री

राहुल ने नकली संसद लगाई, उसके पीएम भी बन जाते : अमित शाह

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

अमित शाह सोमवार को हैदराबाद में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च में शामिल हुए। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने दिल्ली में नकली संसद लगाई। वे उसके ही पीएम बन जाते तो सोनिया जी के दिल को शांति मिल जाती। असली संसद में वे कभी पीएम नहीं बनेंगे। विपक्ष के एसआईआर विरोध के जवाब में भाजपा देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चला रही है। इसका पहला चरण 22 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक चलेगा।



असली संसद में वे कभी पीएम नहीं बनेंगे
●
एसआईआर पर दुष्प्रचार कर रही कांग्रेस पार्टी

घुसपैठिए कांग्रेस का वोट बैंक इन्हें निकालकर ही दम लेंगे

कांग्रेस पार्टी एसआईआर को रोककर देश की मतदाता सूची से बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाना चाहती है। ये 3 करोड़ घुसपैठिए उनके वोट बैंक हैं। राहुल जी जितना जोर लगाना है लगा लो, भाजपा एक-एक घुसपैठिए को देश और वोटर्स लिस्ट से बाहर निकालकर दम लेगी। भाजपा 2014 में जीती, 2019 में जीती, तब क्या एसआईआर हुआ था।

राहुल बोले, विदेशी फंड से पीएम बने मोदी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। राहुल ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी विदेशी मदद के कारण प्रधानमंत्री बने हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में राहुल ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी की वित्तीय व्यवस्था पूरी तरह से विदेशियों के नियंत्रण और समर्थन में है, और विदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी उन्हें पूरी समर्थन देते हैं। राहुल ने पीएम मोदी को खुली बहस की चुनौती भी दी।



मां-पत्नी और दो बच्चों की गला काटकर हत्या...फिर ट्रेन से कटा

भोपाल। भोपाल के मालीखेड़ी में सोमवार को असिस्टेंट लोको पायलट के किराए के घर में एक ही परिवार के 4 लोगों की लाश मिली है। सभी के गले कटे हुए थे। वहीं, घर के बेटे की लाश रेलवे ट्रैक पर मिली है। शक है कि युवक ने पहले सभी की हत्या की, इसके बाद ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। छोला पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में परिवार के मुखिया पर कर्ज का दबाव था। घर में नरेंद्र की मां सरस्वती साहू (50), पत्नी सोमलता साहू (29), बेटी कृति साहू (10) और बेटे खुश साहू (6) के शव मिले। सभी के सिर और गले पर चोट के निशान मिले हैं। एसीपी निशातपुरा शशांक जैन के मुताबिक, पुलिस को नरेंद्र के घर से निकलने का एक सीसीटीवी फुटेज मिला है। इसमें वह सुबह करीब 7:30 से 8 बजे के बीच घर से निकलता दिखाई दे रहा है। शक है कि सुबह-सुबह वारदात हुई है।

भोपाल में सनसनीखेज वारदात, घर में मिली लाशें
■
पुलिस घर पहुंची तब खुला हत्याकांड परिवार के मुखिया पर कर्ज का दबाव था

घर में तलाशी के दौरान अंदर चार शव मिले

परिवार के मुखिया नरेंद्र साहू (35) का शव सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र के चोपड़ा कलां स्थित रेलवे ट्रैक पर मिला था। सोमवार सुबह परिवार के एक रिश्तेदार को नरेंद्र की मौत की सूचना मिली। वह परिजन को जानकारी देने मालीखेड़ी स्थित घर पहुंचा, लेकिन काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। फोन पर भी किसी से संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद रिश्तेदार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर घर में प्रवेश किया तो अंदर चार लोगों के शव मिले।

आज रात आंध्र तट से टकराएगा तूफान मुरासु, 110 किमी रहेगी हवा की रफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। तूफान अर्नब के बाद अब बंगाल की खाड़ी से उठा तूफान मुरासु आंध्र प्रदेश के तट की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह आज रात 11:30 बजे से मंगलवार सुबह 4 बजे के बीच नेल्लोर और नरसपुर के बीच तट से टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110 किमी रह सकती है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तमिलनाडु में चक्रवात का असर शुरू हो गया है। आंध्र के नेल्लोर के मयपाडु बीच पर समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। आंध्रप्रदेश के तीन एयरपोर्ट पर 19 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। पांच राज्यों में एनडीआरएफ की 37 टीमें तैनात की गई हैं, जिनमें से 13 टीमें आंध्र प्रदेश में हैं। तमिलनाडु के चेन्नई, चेंगलपट्टू और तिरुवल्लूर में रविवार रात से बारिश हो रही है। चेन्नई में स्कूल बंद कर दिए गए हैं।



आंध्रप्रदेश में 19 फ्लाइट्स कैंसिल
चेन्नई में भारी बारिश, स्कूल बंद

(संबंधित पैकेज पेज 3 पर)

एक्टर इमरान ने बॉम्बे हाईकोर्ट से माफी मांगी

मुंबई (एजेंसी)। एक्टर इमरान खान ने एसआईआर विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए बिना शर्त माफी मांग ली है। उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट से कहा है कि वे भविष्य में इस तरह के किसी भी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा नहीं लेंगे। बॉम्बे हाईकोर्ट इमरान को मिलने लीव इंडिया नोटिस के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कोर्ट ने उनसे बिना शर्त माफी और अंडरटेकिंग देने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया कि इमरान को उनके खिलाफ जारी 'लीव इंडिया नोटिस' का जवाब देने के लिए कुछ समय दिया जाए।



कहा- अब प्रदर्शन में नहीं जाऊंगा

राजस्थान में करंट लगने से आठ मजदूरों की मौत

झुंझुनूं (एजेंसी)। राजस्थान के झुंझुनूं में सोमवार को सड़क बना रहे 8 मजदूरों की करंट लगने से मौत हो गई। 5 अन्य झुलस गए। हादसा उदयपुरवाटी के छापोली गांव में सुबह 10 बजे हुआ। हादसा छापोली-कदंब कुंड मार्ग पर सीकर-नीमकाथाना स्टेट हाईवे से 150 मीटर दूर हुआ। रोड़ी-बजरी मिलाने के काम में आने वाली मशीन ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गई। इससे उसमें करंट फैल गया। वहां काम कर रहे मजदूर करंट की चपेट में आ गए।



झुंझुनूं में सीकर-नीमकाथाना स्टेट हाईवे पर हादसा

प्रोजेक्ट रक्षा मंत्रालय से 53,866 करोड़ का करार, भारतीय कंपनियां बनाएंगी

रक्षा सचिव राजेश कुमार की मौजूदगी में समझौते पर साइन

नौसेना को मिलेंगे 8 नए युद्धपोत मिसाइल और सेंसर से होंगे लैस

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 8 नए युद्धपोत बनाने के लिए 53,866.50 करोड़ के समझौते पर साइन किए हैं। ये आधुनिक कॉर्वेट यानी नई पीढ़ी के युद्धपोत होंगे। इनमें आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इन युद्धपोतों को बनाने की जिम्मेदारी दो भारतीय कंपनियों को दी गई है। इनमें कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड पांच और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड तीन युद्धपोत बनाएगी। नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए गए।

तटीय सुरक्षा को मिलेगी मजबूती

दुश्मन के जहाजों पर रखेंगे नजर



आधुनिक कॉर्वेट में आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इनकी मदद से नौसेना हवा, समुद्र की सतह और पानी के नीचे से आने वाले खतरों का मुकाबला कर सकेगी। इन जहाजों का इस्तेमाल समुद्री व्यापार के रास्तों की सुरक्षा, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों के खिलाफ कार्रवाई और तटीय सुरक्षा के लिए किया जाएगा। ये समुद्र के किनारे सैन्य अभियान चलाने और निगरानी रखने में भी मदद करेंगे।

भारत में बने सामान का होगा प्रयोग

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इन युद्धपोतों में 70% से ज्यादा सामान भारत में बनाया जाएगा। इनका डिजाइन भी भारतीय नौसेना तैयार करेगी। युद्धपोतों को 2030 तक नौसेना को सौंपने का लक्ष्य रखा गया है। यह प्रोजेक्ट सरकार के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान का हिस्सा है। इससे देश में युद्धपोत बनाने के काम को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, रक्षा क्षेत्र में दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने और भारतीय कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी।

रोजगार पैदा होगा

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इन युद्धपोतों के निर्माण से अगले 10 साल में शिपयार्ड में 72 लाख और उनसे जुड़े उद्योगों में 460 लाख काम के दिनों के बराबर रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि अलग-अलग लोगों को मिलाकर कुल 532 लाख दिनों तक काम मिलेगा। इस परियोजना में सरकारी रक्षा कंपनियों के साथ निजी शिपयार्ड और भारतीय उद्योग भी शामिल होंगे। इससे छोटे और मध्यम कारोबारों को भी काम के अवसर मिलेंगे।

खबर संक्षेप

8 अवैध पिस्टल के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



गुरुग्राम। पुलिस ने एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार सप्लाई नेटवर्क का बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने मध्य प्रदेश से हथियार सप्लाई करने पहुंचे दो सप्लायरों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8 अवैध पिस्टल और 16 मैगजीन बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दुर्गेश और नरेंद्र उर्फ नरेन पुत्र कालिया, निवासी गांव बामनाला, जिला खरगोन, मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपी दीपक और राहुल से पूछताछ के बाद इनके बारे में जानकारी मिली। पकड़े गए दोनों तस्करों ने पहले भी दीपक और राहुल को 5 अवैध पिस्टल व 11 मैगजीन की खेप पहुंचाई थी। इस गिरोह से अब तक कुल 13 अवैध पिस्टल और 27 मैगजीन बरामद की जा चुकी हैं।

न्यूजीलैंड से लौटी रि. कर्नल की बेटी 11वीं मंजिल से कूदी

गुरुग्राम। सेक्टर- 110 ए महेंद्रा औरा सोसाइटी में रिटायर्ड कर्नल की बेटी ने 11वीं मंजिल की बालकनी से कूदकर जान दे दी। मृतका की पहचान नेहा तिवारी के रूप में हुई है। वह पिछले काफी समय से अपने पिता के साथ फ्लैट में रह रही थीं। नेहा के पति बनारस निवासी शुभम शर्मा पहले गुरुग्राम की आईटी कंपनी में काम करते थे और कुछ महीने पहले ही उनकी न्यूजीलैंड में नौकरी लग गई। नेहा भी उनके साथ न्यूजीलैंड गई थी। मगर वीजा संबंधी दिक्कतों की वजह से उन्हें भारत लौटना पड़ा, जिसके बाद से ही मानसिक रूप से परेशान थी। घटना की सूचना मिलते ही बजघेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

पंचकूला में केजी की छात्रा के साथ स्कूल में हुई दरिंदगी ने बच्चों की सुरक्षा व मनोवैज्ञानिक स्थिति पर खड़े किए सवाल

स्कूली बच्चों की मनोवैज्ञानिक समस्याओं में मदद करेगा सरकार का 'साथ'

- साथ प्रोजेक्ट में छठी से 12वीं के विद्यार्थियों की काउंसलिंग का मनोचिकित्सक संभालेंगे जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

पंचकूला में केजी की छात्रा के साथ स्कूल में तीसरी कक्षा के छात्र द्वारा की गई दरिंदगी की घटना के बाद अनेक सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसी चिंताओं के बीच हरियाणा सरकार अपने प्रस्तावित "साथ" प्रोजेक्ट के तहत कक्षा छठी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक व्यवस्थित स्कूल-आधारित मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रणाली शुरू करने की योजना बना रही है। इसका मुख्य उद्देश्य परीक्षा के तनाव, चिंता (एंजाइटी), अवसाद (डिप्रेशन), बुलिंग, सामाजिक अलगाव और अत्यधिक स्क्रीन उपयोग सहित विभिन्न मनोवैज्ञानिक समस्याओं की समय रहते पहचान करना है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि इसमें स्वास्थ्य और स्कूल शिक्षा विभाग, शिक्षकों, अभिभावकों, छात्र स्वयंसेवकों, परामर्शदाताओं, नैदानिक मनोवैज्ञानिकों (क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट) और मनोचिकित्सकों (साइकियाट्रिस्ट) को शामिल करते हुए एक समन्वित तंत्र की परिकल्पना की गई है। प्रस्तावित रूपरेखा के तहत पेशेवर सहायता प्रणाली के हिस्से के रूप में स्वास्थ्य विभाग के 122 परामर्शदाताओं को चिह्नित किया गया है। इसमें मनोविज्ञान की योग्यता वाले शिक्षकों और विशिष्ट मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की भागीदारी भी शामिल है, ताकि समय पर सहायता मिल सके। विद्यार्थियों की अलग-अलग विकासात्मक और मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, कक्षा छठी से आठवीं और कक्षा नौवीं से बारहवीं के छात्रों के लिए अलग-अलग दृष्टिकोण अपनाए जाएंगे।

122 परामर्शदाता और 400 शिक्षक संभालेंगे नेटवर्क

हरियाणा भर में साथ प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 122 परामर्शदाताओं को प्रशिक्षित किया है। ये परामर्शदाता इस पहल के तहत चिह्नित 200 सरकारी स्कूलों में से प्रत्येक स्कूल के दो नामित शिक्षकों के साथ समन्वय करेंगे, जिससे लगभग 400 प्रशिक्षित शिक्षकों का एक नेटवर्क तैयार होगा। मानसिक स्वास्थ्य विभाग शिक्षकों और परामर्शदाताओं के लिए मानकीकृत और आयु-अनुकूल वीडियो प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करेगा।

पिता बोले-पबजी ज्यादा खेलता था बेटा

पंचकूला/चंडीगढ़। पंचकूला के सरकारी स्कूल में केजी की छात्रा पर हमला करने वाले 8 वर्षीय छात्र का सोमवार को मेंटल असेसमेंट टेस्ट हुआ। उसे अंबाला के ऑब्जर्वेशन होम से चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लाया गया। इस दौरान उसके माता-पिता भी मौजूद रहे। छात्र के पिता ने बताया कि उनके बेटे का व्यवहार पहले ऐसा नहीं था। उन्हें खुद समझ नहीं आ रहा कि उसने ऐसा क्यों किया। पहले बेटा बहुत ज्यादा पबजी गेम खेलता था। कुछ दिन पहले ही उन्होंने उससे मोबाइल भी ले लिया था। पिता के मुताबिक, बेटे ने उन्हें सिर्फ इतना बताया कि लड़की उसे तंग करती थी और चिढ़ाती थी। इसी वजह से उसने उसे बहुत मारा। वहीं, सोमवार को दो टीमें स्कूल पहुंचीं। पहली टीम ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कर्मजीत के नेतृत्व में आई। वहीं, दूसरी टीम शिक्षा निदेशालय से जॉइंट डायरेक्टर अनिल दलाल के नेतृत्व में पहुंची। दोनों टीमें करीब एक घंटे तक स्कूल में रहीं। इस दौरान क्लासरूम बंद करने वाले चौकीदार और अन्य स्टाफ के बयान दर्ज किए गए।

बवानीखेड़ा में दो गुटों के बीच विवाद ने लिया खूनी रूप

इंस्टाग्राम पर गालियां, समझौते के बहाने बुलाकर युवक की हत्या



हांसी में एक साथी युवक की पिटाई से शुरू हुआ विवाद सोशल मीडिया पर भड़का, हत्या तक पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

गांव जमालपुर में रविवार देर रात एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। कुछ दिन पहले युवक का कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था। आरोप है कि इसके बाद इंस्टाग्राम पर दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज हुई। रविवार रात समझौते के लिए बुलाकर युवक की गाड़ी पर हमला कर दिया गया। हमलावरों ने लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से वार किए।

युवक को गंभीर हालत में हिसार के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हिसार में ही युवक का पोस्टमॉर्टम हुआ। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। मृतक की पहचान जमालपुर गांव निवासी शुभम (22) के रूप में हुई है। शुभम के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। परिवार में उसका एक भाई और एक बहन है।

भाई साहिल ने बताया कि उनके साथ का एक युवक हांसी गया हुआ था। वहां कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी। इसके बाद विवाद इंस्टाग्राम तक पहुंच गया और दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज हुई।

चौधर की लड़ाई में गई शुभम की जान

पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच चौधर को लेकर विवाद शुरू हुआ था। दोनों पक्ष इंस्टाग्राम पर कमेंट कर एक-दूसरे से खुद को बड़ा बताने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, इसी रंजिश में आरोपी रात को हमला करने पहुंचे। उन्होंने पहले पत्थरबाजी की। इस दौरान शुभम वहां से नहीं निकल सका, जबकि उसके साथी बच निकले। इसके बाद आरोपियों ने शुभम पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।



बवानीखेड़ा। अस्पताल परिसर में मौजूद शुभम के परिजन।

समझौते का नाटक कर विश्वास जीता

साहिल के मुताबिक, रविवार को समझौते को लेकर बातचीत भी हुई थी। रात को समझौते के लिए जाते समय उनकी गाड़ी पर हमला कर दिया गया। मौके पर करीब 200 लोग मौजूद थे। हमलावरों के हाथों में तलवारें और अन्य हथियार थे। आरोपियों ने ही फोन करके समझौते के लिए उन्हें जमालपुर गांव में बुलाया था। इसके बाद आरोपियों ने बातचीत करने की जगह हमला कर शुभम की हत्या कर दी। अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस अस्पताल पहुंची है।

करीब 15 लोगों को नामजद किया

मृतक के भाई की शिकायत पर 15-16 लोगों को नामजद करते हुए हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि चौधर को लेकर इंस्टाग्राम पर शुरू हुई लड़ाई के चलते वारदात हुई। नामजद आरोपियों में से कई के खिलाफ पहले भी केस दर्ज हैं और उनका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

किसान को इंतकाल के नाम पर किया परेशान

14 हजार लेते पटवारी का सहायक गिरफ्तार

- पटवारी नहीं था मौके पर मौजूद, हो रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



जिले के व्यासपुर में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एक पटवारी के सहायक को इंतकाल दर्ज करने के नाम पर एक किसान से 14 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जिस समय सहायक की गिरफ्तारी हुई उस समय हलका पटवारी आफिस में मौजूद नहीं था। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह सरावीं गांव के किसान कुलबीर सिंह ने विजिलेंस की टीम को शिकायत दी थी कि उसके गांव का पटवारी व उसका सहायक उसे जमीन का इंतकाल दर्ज करने के लिए परेशान कर रहा है। आरोप है कि ढलौर हलका पटवारी संजीव के सहायक नरेंद्र उर्फ मिंटू ने उससे 14 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। शिकायत पर एसीबी की टीम लघु सचिवालय के पटवारखाना पहुंची। जहां पहले से पटवारी का सहायक नरेंद्र मौजूद था। किसान कुलबीर सिंह ने कमरे में जाकर जैसे ही सहायक नरेंद्र को रुपये दिए तो टीम कने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

दो महिला पुलिस कर्मचारियों ने सड़क किनारे युवती को सीपीआर दी, पहुंचाया अस्पताल

पंचकूला। सोमवार शाम करीब 5:30 बजे माजरी चौक के पास से सब इंस्पेक्टर आशु दहिया और हेड कॉन्स्टेबल आशा गुजर रही थीं। इसी दौरान उन्हें एक युवती सड़क किनारे बेहोश पड़ी दिखी। युवती के पास स्कूटी भी गिरी हुई थी। उसकी एक साथी भी वहीं मौजूद थी, वह मदद मांगने के लिए चिल्ला रही थीं। दोनों पुलिसकर्मी वहां पहुंचीं और तुरंत उसे सीपीआर देना शुरू किया। इसके बाद उसे अपनी कार से अस्पताल ले गईं। हॉस्पिटल में इलाज के कुछ ही देर बाद उसे होश आ गया।

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra Bank Ltd has organized an auction in below mention respect of vehicles

1) SWARAJ MAZDA LIMITED SM_SARTAJ_GOODS (Suresh Mandal) YOM- 2024 HR39F7900
2) SM_SARTAJ_GOODS (Mohit Trading Co) YOM-2024 HR39F7900
3) MAHINDRA_BLAZO_55 (SATISH) YOM-2023 HR69E7907
4) TATA LPS 4018 (Gagandeep Nachchhtar) YOM-2015 HR63C9659
5) AL_DOST_GOODS (Sonu) YOM- 2023 HR67D2829
6) TATA LPK 2518 HD FULLY BUILT TIPPER (R.N Associates) YOM-2018 HR67C2947
7) MBLAZO55 (Anil Rana) YOM- 2023 HR46F7024
8) EICHER_PRO_3019 (Lord Shiva Transport) YOM-2024 HR39F8229
9) EICHER PRO 6055 (KADIAN BUILDERS & DEVELOPERS PVT LTD) YOM-2023 HR63E5373
10) Maruti Ecco (Anil) YOM-2024 HR69F6022
11) MARUTI SUPER CARRY CNG (Anil Varash Bhan) YOM-2024 HR89F1190
12) TATASIGNA5530 (Manish Sharma) YOM-2023 CG10BP9657
13) CB_BB_3528C_BHARA (Seven Constructions Private Limited) YOM-2024 HR63F3304
14) TATASIGNA5530 (Manish Sharma) YOM-2023 CG10BP9655
15) TATA LPK 2518 (THE ORKA GROUP) YOM- 2018 HR69D7437
16) AL Bada Dost (Ramesh Kumar) YOM- 2024 HR61F6043
17) MAHINDRA_AND_MAHINDRA - CB_BOLERO PIK UP (Kapil YOM- 2023 HR69F7579
18) MARUTI SUPER CARRY (Yogesh) YOM- 2023 HR63E6208
19) MARUTI SUPER CARRY CNG (Rameshwar Dass) YOM- 2023 HR67D5210

Under Hypothecation with **M/s Kotak Mahindra Bank** is under sale in its "As is where is condition" interested parties can give their quotations (online/offline) within 07 days from this paper publication i.e. on or before 10-11-2026
(Please note that closing Auction date would not be a Weekly off / Holiday).
BRANCH ADDRESS: First Floor, Plot no 406 to 408 /28, Roopalay Complex, D Park, Model Town, Rohtak – 124001
OR Contact : Mr. Goverdhan Joshi Kotak Mahindra Bank Ltd.
Contact No. +91-9671300231
EMAIL – Goverdhan.Joshi@kotak.com

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/वलासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

अहोई पर बाल्टी में डूबने से 14 माह के बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



अहोई अष्टमी पर माताएं अपनी संतानों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए व्रत रखकर भगवान से प्रार्थना करती हैं, उसी दिन दादरी के कबीर नगर में एक मां की गोद उजड़ गई। वार्ड 12 में पानी से भरी बाल्टी में डूबने से 14 माह के मासूम केशव की मौत हो गई। दो बहनों के इकलौते भाई की मौत से परिवार में मातम पसरा है।

जानकारी के अनुसार, कबीर नगर निवासी विक्की अपनी पत्नी टीना देवी और तीन बच्चों के साथ मकान की छत पर बने हिस्से में रहता है। रविवार शाम करीब पांच बजे क्षेत्र में पानी की सप्लाई आई थी। टीना पहले ऊपर पानी भरने के बाद नीचे पानी भरने चली गई। इस दौरान पांच वर्षीय और चार वर्षीय दोनों बेटियां तथा 14 माह का केशव छत पर खेल रहे थे। खेलते समय केशव पानी से भरी बाल्टी के पास पहुंच गया और उसमें सिर के बल गिर पड़ा। कुछ देर बाद उसकी एक बहन की नजर बाल्टी में गिरे केशव पर पड़ी तो उसने मां को आवाज लगाई। परिजन तुरंत उसे नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

मोनू मानेसर की टीम पर गोतस्करों ने की फायरिंग, एक आरोपी दबोचा

गुरुग्राम। बिलासपुर और पलवल के होडल में दो अलग-अलग ऑपरेशनों के तहत गोवंश से भरी गाड़ियों को पकड़ा गया है। बिलासपुर के पास पिकअप गाड़ी से दो नंदी बरामद कर एक गोतस्कर को हिरासत में लिया गया है। जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहे। यह पूरी कार्रवाई बजरंग दल के गोरक्षा दल के प्रमुख मोहित यादव उर्फ मोनू मानेसर और उनकी टीम ने की। आरोप है कि तस्करों की तरफ से पीछा कर रहे मोनू मानेसर और उसकी टीम पर फायरिंग भी की गई। डबल मर्डर केस में राजस्थान की जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद मोनू पहली बार इस तरह की कार्रवाई में शामिल हुआ है।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 214 दिनांक 28.10.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना बरोदा जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम- प्रीति।
पिता का नाम संजयदीन।
पता - वासी गाँव मदीना जिला सोनीपत।
उम्र-20 वर्ष।
कद -5 फुट।
हुलिया:- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, काली आँखें, काले बाल, हृष्ट-पुष्ट शरीर।
पहनावा - नीले व सफेद रंग की कुर्ती, सफेद रंग का पायजामा पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.10.2026 को प्रीति पुत्री संजयदीन वासी गाँव मदीना जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी है। जो अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो. नं.-7419410546
अनुसंधानकर्ता मो. नं.- 9991354465
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5552/2027/50683/88/6 दि. 02.11.26

राशिफल

मेष आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

मिथुन मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

सिंह नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

कन्या शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

तुला जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

धनु मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

मकर शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

कुंभ भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

मीन मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

पहल — पलवल में कई जिलों से अग्रवाल समाज के लोग महापंचायत में जुटे

शादी में डीजे-शराब पर बैन, नहीं होगा मृत्यु भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलवल

वैश्य अग्रवाल समाज में फैल रही कुरीतियों, दिखावे व अनावश्यक फिजूलखर्ची पर रोक लगाने के लिए रविवार देर शाम समाज के गणमान्य लोगों की एक महापंचायत हुई। यहां पलवल के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम और दिल्ली से भी समाज के लोग पहुंचे। इसमें आठ महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इनके तहत वैश्य अग्रवाल समाज ने शादी से पहले लड़का-लड़की के साथ घूमने और प्री-वेडिंग शूट कराने पर रोक लगाने का फैसला लिया है। शादी में डीजे नहीं बजेगा और न ही शराब की स्टॉल लगेगी। मृत्यु भोज भी बंद होगा। महंगे कार्ड और मिठाई-गिफ्ट भेजने के बजाय वॉटसएप मैसेज से निमंत्रण दिया जाएगा। शादी में दोनों पक्षों को मिलाकर मेहमानों की संख्या 300 से 400 तक सीमित रखी जाएगी। महापंचायत का नेतृत्व मंच के संयोजक एवं पूर्व पार्षद बलराम गुप्ता ने किया। उन्होंने बताया कि कई परंपराएं अब दिखावे का रूप ले चुकी हैं। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। दाह संस्कार के दौरान अर्थी पर चादरें चढ़ाने की संख्या कम करने पर भी सहमति बनी। तय किया गया कि शोक जताने आने वाले लोग चादर की जगह गोला, घी, कपूर या अन्य जरूरी सामग्री लेकर आएं ताकि शोकाकुल परिवार को मदद मिल सके। वहीं, फैसला लिया गया कि शादी-विवाह और बच्चे के जन्म पर किन्नर समाज को अधिकतम 5100 रुपये शगुन दिया जाएगा।

शादी में व्यंजनों की संख्या भी 21 से 31 तक की जाएगी

बलराम गुप्ता के मुताबिक, शादी समारोह में खुलेआम शराब की स्टॉल लगाने पर रोक रहेगी। खाने की बर्बादी रोकने के लिए व्यंजनों की संख्या 21 से 31 तक सीमित करने का फैसला लिया गया। अनावश्यक खर्च और असुविधा से बचने के लिए रात के बजाय दिन में फेरे और शादी कराने को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका महम	वार्ड नं. 02 एम.सी. महम में महादेव गुप्ता से विष्णु शर्मा तक सी.सी. गली और ड्रेन का निर्माण।	31.10.2026 06.11.2026	डीएनआईटी के अनुरूप	https://etenders.hry.nic.in	9416022295

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50701/1/88/6 दि. 02.11.26

शब्द पहेली - 6397



बाएँ से दाएँ
1. बलवान, ताकतवर-4
3. गाल, कपोल (ऊर्दू)-4
6. अनाज, धान-2
7. अवनति-3
8. जीवन तत्व-2
10. पुलिसकर्मी-4
11. भीगा हुआ-2
13. घमंडी, अभिमानी-4
15. दर्शन-3
17. अजदहा, शयालु-4
20. वायु रोग-2
21. दोस्त, सखा-3
23. ख्वाब, स्वप्न-3
25. अपशिष्ट पदार्थ-2
26. जंगल की आग-4
29. पुत्र, लड़का-3
31. पैगंबर, महापुरुष-4
32. राय, वोट-2
34. आफिस, दफ्तर-4
35. बीज, वीर्य-2
37. घर, भवन-3
39. सप्तम-2
40. आक्रमण, हमला-4
41. बलवान, सबल-4

ऊपर से नीचे
1. एक छोटी डबलरोटी-2
2. धर्मेंद्र, जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3. मौसम, ऋतु-2
4. खोदना-3
5. छुट्टी, अवकाश-2
6. उदास, दुखी-4
7. पंख, पराया-2
9. जहीनता-4
10. आवश्यकता-4
12. अभिमान, गरुर-2
14. अग्नि, अनल-2
16. विदा होना-3
18. कुशल-3
19. फलों का रस-2
21. संगम, मिलना-3
22. वायदा-2
24. हार, मात-4
25. स्वार्थी-4
27. दीवार (अंग्रेजी-2)
28. आदत-4
30. यमराज-2
31. उथल-पुथल-4
33. पदक-3
34. श्रवणेंद्रिय-2
36. जीत, विजय-2
38. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. पत्नी की बहन-2

शब्द पहेली- 6396 का हल

अ	ना	द	र	णी	य		प्र	क्षे	प	क
सं	ग		वे		कृ	पा	ण		र	म
वै		अ	दा	व	त		य	हां		जो
धा	रा	दा	र			अ		का	त	र
नि		व		प्र	क्षा	ल	न		म	
क	म	त	र	ता		सा	ग	र	गा	मी
	लि		स	र	मा	या		द		न
बे	का	बू		णा			व	न	वा	सी
क		आ	स		अ	द	र	क		लै
द	म		ब	हा	र		दा		ता	व
र	सा	त	ल		ज	ही	न	कु	श	ल



खबर संक्षेप

अरुणाचल और असम ने सीमा विवाद पर की वार्ता

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश और असम की सरकारों ने लंबे समय से जारी अंतरराज्यीय सीमा विवादों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को क्षेत्रीय समिति की बैठक की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बैठक में अरुणाचल प्रदेश के लोअर दिबांग वैली जिले और उससे सटे असम के तिनसुकिया जिले के बीच सीमा विवाद पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। अरुणाचल प्रदेश की क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष ओजिंग तासिंग और असम की ओर से उनके समकक्ष अतुल बोरा की सह-अध्यक्षता में यह बैठक अरुणाचल प्रदेश के लोअर दिबांग वैली जिले के रोइंग में हुई।

मुजफ्फरनगर दंगा केस में आठ लोग कोर्ट से बरी

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की एक अदालत ने 2013 के दंगों से जुड़े हत्या के एक मामले में सोमवार को साक्ष्य के अभाव में आठ आरोपियों को बरी कर दिया। एक अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुराग पंवार ने आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष अपना मामला साबित करने में विफल रहा।

केदारनाथ-बद्रीनाथ में बर्फबारी पारा माइनस 7 डिग्री तक गिरा

यूपी के 10 शहरों में कोहरा, वाराणसी में 2 फ्लाइट डायवर्ट

मप्र-छत्तीसगढ़ समेत 9 राज्यों में बारिश का अलर्ट, मौसम विभाग ने जारी की एडवायजरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/लखनऊ

देश भर के कई राज्यों में चक्रवात 'अर्नब' के चलते मौसम ने करवट ली हुई है। यूपी में तीन दिन लगातार हुई बारिश के बाद ठंड शुरू हो गई। उत्तराखंड के केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में सोमवार सुबह बर्फबारी हुई, जिससे तापमान माइनस सात डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर गया और वहीं, पिथौरागढ़ में रविवार रात ओले गिरे। सोमवार सुबह वाराणसी, गोरखपुर, देवरिया समेत 10 से ज्यादा शहरों में घना कोहरा छाया रहा।

वाराणसी में सुबह 7 बजे विजिबिलिटी 200 मीटर रह गई। इससे दो फ्लाइट नहीं उतर सकीं। इंडिगो की बेंगलुरु और दिल्ली से आने वाली फ्लाइट को लखनऊ डायवर्ट किया गया। राजस्थान में रविवार को अधिकांश शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम दर्ज हुआ। राजस्थान में सबसे ठंडा इलाका माउंट आबू रहा, जहां न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस था। बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात मुरासु आज तड़के आंध्र के ओंगोल तट से टकरा सकता है।

मुरासु के असर से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत 9 राज्यों में बारिश हो सकती है। चक्रवात 'अर्नब' के असर से मध्य प्रदेश में दिन के तापमान में 7 से 8 डिग्री तक गिरावट आई है।





तूफान मुरासु का अलर्ट जारी

तूफान अर्नब के बाद अब बंगाल की खाड़ी से उठा तूफान मुरासु आंध्र प्रदेश के तट की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह मंगलवार सुबह 4 बजे के बीच नेल्लोर और नरसपुर के बीच तट से टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110किमी रह सकती है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तमिलनाडु में चक्रवात का असर शुरू हो गया है। आंध्र के नेल्लोर के मयपाडु बीच पर समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। आंध्रप्रदेश के तीन एयरपोर्ट पर 19 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। पांच राज्यों में 37 टीमें तैनात की गई हैं।

पंजाब में आप छोड़ने वाले तीनों विधायक भाजपा में हुए शामिल



एजेंसी ▶▶| अमृतसर

पंजाब की राजनीति में बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आया है। आम आदमी पार्टी (आप) छोड़ने वाले तीन विधायकों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। पंजाब चुनाव से पहले हुए इस घटनाक्रम को आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। भाजपा में शामिल होने वाले विधायकों में अमृतसर नॉर्थ से कुंवर विजय प्रताप सिंह, समाना से चेतन सिंह जौड़ामाजरा और सनौर से हरमीत सिंह पठानमाजरा शामिल हैं। बताया गया है कि तीनों विधायकों ने पिछले दो दिनों के दौरान आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिया था। भाजपा में शामिल होने के बाद विधायकों ने पंजाब सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कि पंजाब में गैंगस्टर सरकार का हिस्सा बन चुके हैं। उनके इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है।

पंजाब में पूर्व मंत्री अरोड़ा के घर ईडी ने मारी रेड





अफसर तड़के अरोड़ा के आवास में घुसे

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर से कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा के घर पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने रेड की। सोमवार सुबह करीब 5 बजे केंद्रीय एजेंसियों की टीम जोधा मल रोड स्थित अरोड़ा के आवास पर पहुंची। अधिकारियों के साथ सीआरपीएफ के जवान भी मौजूद रहे। आवास के आसपास सुरक्षा जवानों की तैनाती कर दी गई है और घर को घेर लिया गया है। एजेंसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने सुंदर शाम अरोड़ा के ठिकानों पर यह छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग (धन शोधन निवारण अधिनियम - पीएमएलए) से जुड़ी जांच के सिलसिले में की है। इससे पहले 27 जनवरी को भी ईडी ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के साथ अरोड़ा के घर पर दबिश दी थी और दस्तावेज खंगाले थे।

विदेशी ताकतों के हाथों की कठपुतली हैं राहुलः नवीन



कोलकाता में भाजपा के मार्च का नितिन नवीन ने किया नेतृत्व

कोलकाता (भाषा)। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में 'अराजकता' फैलाने वालों का नेतृत्व कर रहे हैं और भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रही विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहे हैं। नवीन ने 'वोट चोरी' के खिलाफ विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के अभियान का जवाब देने के लिए कोलकाता में एक मार्च का नेतृत्व करने के बाद सभा को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान लोस में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर विदेशी ताकतों के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि इन ताकतों ने नेपाल और भारत के अन्य पड़ोसी देशों में अशांति फैलाने की साजिश रची थी। नवीन ने आरोप लगाया, राहुल उन ताकतों के हाथों की कठपुतली हैं, जिन्होंने नेपाल और अन्य पड़ोसी देशों में अशांति फैलाने की साजिश रची। वह देशभर में अराजकता फैलाने वाली ताकतों का नेतृत्व कर रहे हैं।

दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर के खिलाफ पुलिसकर्मियों का प्रदर्शन



नई दिल्ली। ईस्ट दिल्ली में एक एसीपी और एक इंस्पेक्टर का तबादला किए जाने के विरोध में दिल्ली पुलिस के जवानों ने पुलिस हेडक्वॉर्टर का घेराव किया। पुलिस जवानों का कहना था कि यह कार्रवाई पूरी तरह से अनुचित है और इससे पुलिस का मनोबल गिरता है। सोमवार सुबह दिल्ली पुलिस हेडक्वॉर्टर के गेट नंबर-1 के बाहर 80 पुलिसकर्मी नारेबाजी करने लगे। इससे पुलिस मुख्यालय में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्हें प्रदर्शन खत्म करने के लिए मनाने की कोशिश करने लगे। प्रदर्शन कर रहे पुलिसकर्मी नहीं माने तो डीसीपी (नई दिल्ली) सचिन शर्मा मौके पर पहुंचे।

कॉलेज जाने के लिए घर से निकले गुरदासपुर में 2 छात्रों को बस ने कुचला

एजेंसी ▶▶| गुरदासपुर



पंजाब के गुरदासपुर जिले के कस्बा कादियां के रहने वाले 2 छात्रों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों दोस्त अमृतसर के एक इंस्टीट्यूट में पढ़ाई कर रहे थे और रोजाना कॉलेज जाते थे। सोमवार को दोनों पढ़ाई के लिए अमृतसर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक की एक बस से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान जश्नप्रीत सिंह और जयप्रीत सिंह के रूप में हुई है। दोनों की मौत की खबर मिलते ही परिवारों में मातम छा गया। जिस उम्र में दोनों अपने भविष्य को संवारने में लगे थे, उसी उम्र में उनकी जिंदगी खत्म हो गई।

अमृतसर जा रहे थे

मृतकों के रिश्तेदार ने बताया कि जश्नप्रीत सिंह और जयप्रीत सिंह दोनों अच्छे दोस्त थे। वे गुरदासपुर के रहने वाले थे और अमृतसर के ग्लोबल इंस्टीट्यूट में डिग्री कर रहे थे। दोनों रोजाना बस से कॉलेज जाते थे। सोमवार को उन्हें घर से निकलने में देर हो गई थी। उन्हें बटाला से अमृतसर जाने वाली बस पकड़नी थी। इस वजह से दोनों बाइक पर बटाला के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में हादसा हो गया।

आजमगढ़ के खाटू श्याम मंदिर में शटरिंग गिरने से एक की मौत

आजमगढ़। कंधरापुर थाना क्षेत्र के देवखरी स्थित निर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। छत की ढलाई की तैयारी के दौरान अचानक शटरिंग भरभराकर गिर गई। इसकी चपेट में आकर तीन मजदूर मलबे के नीचे दब गए। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान 30 वर्षीय राजाराम राजभर निवासी असोना, कंधरापुर के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में 23 वर्षीय कमलेश कुमार और 35 वर्षीय अरुण चौहान शामिल हैं। दोनों काशीपुर, मुबारकपुर के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार, देवखरी स्थित खाटू श्याम मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा था। सोमवार को मंदिर की छत पर स्लैब डालने की तैयारी की जा रही थी।

हादसे में कई लोग घायल हालत गंभीर

आईआईटी रोपड़ ने किया श्वेत पत्र का लोकार्पण



योगिक विज्ञान एवं समग्र विकास केंद्र का उद्घाटन

रोपड़/ चंडीगढ़। आईआईटी रोपड़ ने आज बियोंड इंटेलिजेंस डिफाइनिंग एंड मेंसरिंग विसडम फॉर एआई नामक श्वेत पत्र का लोकार्पण आयोजित किया। यह श्वेत पत्र बताता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को केवल बुद्धि ही नहीं, बल्कि विवेक की कसौटी पर कैसे परखा जा सकता है। इसका लोकार्पण संस्थान में आयोजित सारपिंग द एआई माइंड कार्यक्रम में हुआ। इस अवसर पर आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा और स्टैनफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी में निदेशक (शोध) तथा आईआईटी रोपड़ में एडजंक्ट फैकल्टी डॉ. ईशान शिवानंद उपस्थित थे। श्वेत पत्र का लोकार्पण डॉ. ईशान शिवानंद ने किया। वे स्टैनफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी में निदेशक (शोध), आईआईटी रोपड़ में एडजंक्ट फैकल्टी और वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य गठबंधन कम्पैशन यूनाइट्स के संस्थापक हैं। यह पत्र उन्होंने डॉ. अंजलि समानी के साथ मिलकर लिखा है।



Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: HISSAR: Ashwani Honda - 9992220142; **NARNAUND:** 9996786352; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9812746500; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 8607200651; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 7056661424; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9416027672; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **PINJORE:** Sukhija Honda - 7206111444; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9311485006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056575100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

चिंतन

उत्सव और पर्यावरण में संतुलन रखना जरूरी

दीपावली रोशनी, उल्लास और खुशियों का पर्व है। यह अंधकार पर प्रकाश और निराशा पर आशा की जीत का प्रतीक है, लेकिन उत्सव की उमंग जब दूसरों की सांसों पर भारी पड़ने लगे तो आत्ममंथन जरूरी हो जाता है। पटाखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला इसी संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। अदालत ने दिल्ली-एनसीआर में 7 और 8 नवंबर को निर्धारित समय में केवल ग्रीन पटाखे जलाने की ही अनुमति दी है। अस्पतालों, वृद्धाश्रमों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नो-क्रैकर जोन बनाने के निर्देश भी दिए हैं। यह फैसला उत्सव पर रोक नहीं, बल्कि उसे जिम्मेदारी के दायरे में रखने का प्रयास है। सवाल है कि हर साल दीपावली पर पटाखों को लेकर अदालत को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ता है? क्या त्योहार मनाने के लिए नागरिक जिम्मेदारी का भाव इतना कमजोर हो गया है कि न्यायिक आदेशों की जरूरत पड़ने लगी है? दिल्ली-एनसीआर पहले ही वायु प्रदूषण के गंभीर संकट से जूझ रहा है। वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्यों की धूल और पराली का धुआं हवा की गुणवत्ता बिगाड़ते हैं। ऐसे में पटाखों का अतिरिक्त धुआं स्थिति को और भयावह बना सकता है। इसका सबसे अधिक खामियाजा बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों को भुगतना पड़ता है। प्रदूषण किसी एक घर या मोहल्ले तक सीमित नहीं रहता, उसका असर पूरे समाज पर पड़ता है। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2025 की रिपोर्ट के हवाले से अदालत में बताया गया कि भारत में वायु प्रदूषण के कारण 20.1 लाख से अधिक मौतें हुईं। यह आंकड़ा समाज को झकझोरने के लिए पर्याप्त है। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान जरूरी है, लेकिन किसी की सेहत और जीवन की कीमत पर नहीं। इसलिए उत्सव और पर्यावरण में संतुलन रखना बेहद जरूरी है। ग्रीन पटाखे भी पूरी तरह प्रदूषण मुक्त नहीं होते। इसलिए इनके नाम पर असीमित आतिशबाजी की छूट नहीं होनी चाहिए। असली और नकली ग्रीन पटाखों की पहचान, प्रमाणित उत्पादों की बिक्री और नियमों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अदालत ने सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक ही पटाखे चलाने की अनुमति दी है। अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों और अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में रोक तथा शैक्षणिक संस्थानों को नो-क्रैकर जोन घोषित करने का निर्देश महत्वपूर्ण है। प्रशासन को इन क्षेत्रों की स्पष्ट पहचान करनी होगी और पुलिस व प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों को निगरानी रखनी होगी। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई भी जरूरी है। विराट कोहली जैसी लोकप्रिय हस्तियों से प्रदूषण रहित दीपावली की अपील करवाने का सुझाव भी सराहनीय है। खिलाड़ियों, कलाकारों, सामाजिक संगठनों और शिक्षण संस्थानों को जागरूकता अभियान से जोड़ना चाहिए। हालांकि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई केवल दीपावली तक सीमित नहीं रह सकती। वाहनों, उद्योगों, निर्माण स्थलों और कचरा जलाने से होने वाले प्रदूषण पर सालभर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। दीपावली पर दीप जलाना हमारी परंपरा है और खुशियां मनाना हमारा अधिकार। मगर दूसरों की सांसों की सुरक्षा भी हमारी जिम्मेदारी है। पटाखों का शोर कुछ क्षणों का आनंद देता है, जबकि उसका धुआं लंबे समय तक परेशानी पैदा कर सकता है। इस बार संकल्प होना चाहिए कि घरों में दीपों की रोशनी बढ़े, लेकिन हवा में जहर नहीं।

इजराइल में जनादेश का गतिरोध



सत्ता संघर्ष
ओमकार चौधरी

इजराइल के संसदीय चुनाव ने एक बार फिर देश को राजनीतिक अनिश्चितता के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन बहुमत के आंकड़े से दूर रह गई। दूसरी ओर, नेतन्याहू विरोधी दलों के पास संयुक्त रूप से 67 सीटें हैं, मगर वैचारिक मतभेदों के कारण वे भी सरकार बनाने की स्थिति में नहीं दिख रहे। इस चुनाव में अरब राजनीतिक दलों की सीटें 10 से बढ़कर 19 हो गई हैं, जिससे उनका महत्व बढ़ा है। सैन्य सेवा, न्यायिक सुधार, गाजा युद्ध और फलस्तीनी प्रश्न पर गहरे मतभेद गठबंधन की राह रोक रहे हैं। राष्ट्रपति की पहल के बाद ही स्पष्ट होगा कि नई सरकार बनेगी या इजराइल फिर चुनाव में जाएगा।

इजराइल में राजनीतिक अस्थिरता का समाधान केवल चुनाव प्रणाली बदलने या किसी एक दल के अधिक सीटें जीतने से नहीं जुड़ा है। मूल चुनौती विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक समूहों के बीच ऐसी सहमति विकसित करने की है, जिससे सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सके। फिलहाल 27 अक्टूबर के जनादेश ने किसी को स्पष्ट सत्ता नहीं सौंपी है। राष्ट्रपति की पहल और दलों के बीच होने वाली बातचीत तय करेगी कि इजराइल को नई गठबंधन सरकार मिलती है या देश एक बार फिर चुनाव की ओर बढ़ता है। इजराइल में 27 अक्टूबर 2026 को हुए संसदीय चुनावों ने एक बार फिर राजनीतिक गतिरोध पैदा कर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन सरकार बनाने के लिए आवश्यक बहुमत उनके पास नहीं है। दूसरी ओर विपक्षी दलों की संयुक्त ताकत नेतन्याहू को सत्ता से बाहर रखने के लिए पर्याप्त है, लेकिन उनके बीच वैचारिक सहमति का अभाव है। इस चुनाव में अरब राजनीतिक दलों की ताकत लगभग दोगुनी होने से सत्ता का समीकरण और जटिल हो गया है। वे सरकार गठन में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन विपक्ष के कई प्रमुख नेता उनका समर्थन लेने के लिए तैयार नहीं हैं। इजराइल की 120 सदस्यीय संसद नेसेट में सरकार बनाने के लिए 61 सांसदों का समर्थन चाहिए। इस चुनाव में लिकुड को 27, पूर्व सेना प्रमुख गादी आइज़नकोट की याशार पार्टी को 21 और पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट के ब'याखाद गठबंधन को 12 सीटें मिली हैं। अरब दलों की जॉइंट लिस्ट ने 11 और मंसूर अब्बास की राआम ने आठ सीटें जीती हैं। द डेमोक्रेट्स को आठ, अविग्दोर लिबरमैन की इस्राइल बेतेनु को सात, यूनाइटेड तोराह जूडाइज्म को सात, इतामार बेन-गवीर की ओत्ज़मा येहुदित को सात, शास को छह और रिलिजियस ज़ायोनिज़्म–जेहुत गठबंधन को छह सीटें मिली हैं।

नेतन्याहू के दक्षिणपंथी और धार्मिक सहयोगियों के पास कुल 53 सीटें हैं। आइज़नकोट और उनके संभावित सहयोगियों की संख्या 48 है, जबकि अरब नेतृत्व वाले दलों के पास 19 सीटें हैं। अर्थात नेतन्याहू के विरोध में 67 सांसद हैं, लेकिन उनमें से सभी एक साझा सरकार के लिए तैयार नहीं हैं। यही वर्तमान गतिरोध का मूल कारण है। किसी दल को संसद में प्रतिनिधित्व पाने के लिए कम से कम 3.25 प्रतिशत वोट प्राप्त करने होते हैं। इस व्यवस्था में धार्मिक, राष्ट्रवादी, उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष और अरब समुदायों के छोटे दल भी संसद में पहुंचते हैं। इजराइल के इतिहास में किसी एक राजनीतिक दल को अपने बूते 61 सीटें नहीं मिली हैं। इसलिए गठबंधन सरकार वहां राजनीतिक अनिवार्यता है। कई बार पांच-सात सीटों वाला छोटा दल भी सरकार बनाने या गिराने की स्थिति में आ जाता है, लेकिन धार्मिक परंपराओं, राष्ट्रीय सुरक्षा, न्यायपालिका, सैन्य सेवा और फलस्तीनी प्रश्न पर दलों के बीच इतने गहरे मतभेद हैं कि गठबंधन स्थायी नहीं रह पाते। वर्ष 2019 से 2022 के बीच इजराइल में पांच संसदीय चुनाव हुए। जून 2021 में नफ्ताली बेनेट और याइर लापिद ने नेतन्याहू-विरोधी दलों को एकजुट करके सरकार बनाई।



इसमें पहली बार मंसूर अब्बास की राआम जैसी स्वतंत्र अरब पार्टी भी औपचारिक रूप से शामिल हुई। लेकिन वैचारिक मतभेदों के कारण यह सरकार लगभग एक वर्ष में गिर गई। उसके बाद नेतन्याहू फिर सत्ता में लौट आए। इस चुनाव का सबसे उल्लेखनीय घटनाक्रम अरब राजनीतिक दलों की सफलता है। वर्ष 2022 में इन्हें कुल दस सीटें मिली थीं, जबकि इस बार 19 सीटें मिली हैं। जॉइंट लिस्ट और राआम ने मिलकर लगभग आठ लाख चालीस हजार वोट प्राप्त किए, जो पिछले चुनाव से करीब 64 प्रतिशत अधिक हैं। इजराइल की आबादी में अरब नागरिकों की हिस्सेदारी लगभग पांचवां हिस्सा है। हालांकि सभी अरब दलों की राजनीति एक जैसी नहीं है। मंसूर अब्बास की राआम पहले भी यहूदी नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो चुकी है। जॉइंट लिस्ट के विभिन्न घटकों की इजराइल की राष्ट्रीय पहचान और फलस्तीनी प्रश्न पर अलग राजनीतिक स्थितियाँ हैं। इसलिए उनकी 19 सीटों को किसी एक गठबंधन का सुनिश्चित समर्थन मानना सही नहीं होगा। नेतन्याहू के लिए इस बार चुनावी परिणाम झटका हैं। वर्ष 2022 में उनकी लिकुड ने 32 सीटें जीती थीं। इस बार वह 27 पर सिमट गई। उनके सहयोगी गठबंधन की संख्या भी पिछली संसद में एक समय 68 तक पहुंचने के बाद अब 53 रह गई है। इसके कई कारण रहे। सबसे बड़ा मुद्दा 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा किया गया हमला था, जिसने इजराइल की सुरक्षा और खुफिया व्यवस्था की गंभीर कमियां उजागर की थीं। अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है कि क्या पूर्व सेना प्रमुख गादी आइज़नकोट और नेतन्याहू मिलकर राष्ट्रीय एकता सरकार बना सकते हैं? आइज़नकोट ने चुनाव में नेतन्याहू को सत्ता से हटाने को प्रमुख उद्देश्य बनाया था। चुनाव के बाद भी उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह नेतन्याहू के अधीन सरकार में शामिल नहीं होंगे। यहां तक कि बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनने की व्यवस्था को भी उन्होंने स्वीकार नहीं किया है। नफ्ताली बेनेट और अविग्दोर लिबरमैन भी नेतन्याहू के साथ सरकार बनाने का विरोध कर चुके हैं। आइज़नकोट ने संभावित सहयोगियों के लिए चार सिद्धांत निर्धारित किए हैं। पहला, इजराइल को यहूदी, लोकतांत्रिक, उदार और समानतापूर्ण राज्य के रूप में स्वीकार करना होगा। दूसरा, स्वतंत्रता की घोषणा में व्यक्त मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक होगी। तीसरा, सभी नागरिकों के लिए सैन्य, राष्ट्रीय अथवा नागरिक सेवा का दायित्व स्वीकार करना होगा। चौथा, हमास को आतंकवादी संगठन मानते हुए गाजा में उसकी सैन्य और शासन-संचालन क्षमता समाप्त करने के उद्देश्य का समर्थन करना होगा। गठबंधन के तीन प्रमुख विकल्प हैं। पहला, आइज़नकोट 19 अरब सांसदों का समर्थन लेकर 67 की संख्या तक पहुंचें। इसके लिए बेनेट और लिबरमैन जैसे नेताओं को सहमत करना होगा। दूसरा, शास और यूनाइटेड तोराह जूडाइज्म के 13 सांसदों को साथ लेकर 61 का बहुमत बनाया जाए। लेकिन सैन्य भर्ती के प्रश्न पर समझौता आवश्यक होगा। तीसरा, नेतन्याहू और विपक्ष के कुछ दल राष्ट्रीय एकता सरकार बनाएं। इसके लिए प्रधानमंत्री पद, न्यायिक सुधार, सुरक्षा नीति और 7 अक्टूबर के हमले की जांच जैसे विषयों पर सहमति बनानी पड़ेगी। चुनाव परिणामों का औपचारिक प्रमाणन 4 नवंबर तक निर्धारित है। इसके बाद राष्ट्रपति दलों से परामर्श करके किसी सांसद को सरकार बनाने का अवसर देंगे। पहले उम्मीदवार को सामान्यतः 28 दिन मिलते हैं और आवश्यकता पड़ने पर 14 दिन का विस्तार संभव है। असफल होने पर दूसरे नेता को अवसर दिया जा सकता

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विडंबना
योगेश कुमार सोनी



वर्चस्व की लड़ाई में उलझते जा रहे वकील और पुलिस के पेशे

दिल्ली की कानून व्यवस्था में पुलिस और वकीलों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। पुलिस का दायित्व कानून का पालन कराना, अपराधों पर अंकुश लगाना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जबकि वकील न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करते हैं। दोनों पेशों का उद्देश्य अलग-अलग जिम्मेदारियों के माध्यम से एक ही लक्ष्य को हासिल करना है। कानून का शासन और जनता को न्याय, लेकिन जब इन दोनों पेशों के बीच आपसी सम्मान, संवाद और कार्यक्षेत्र की मर्यादा को लेकर विवाद खड़ा होने लगे, तब यह केवल दो पक्षों का टकराव नहीं रह जाता, बल्कि पूरी न्याय एवं कानून व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगते हैं। शाहदरा में एसीपी मनस्वी वशिष्ठ और शाहदरा थानाध्यक्ष के तबादले के बाद सामने आए घटनाक्रम ने इसी व्यापक बहस को जन्म दिया है। शाहदरा में पुलिस अधिकारियों के तबादलों के बाद एसीपी मनस्वी वशिष्ठ द्वारा मोर्चा खोले जाने के घटनाक्रम ने पुलिस और वकीलों के संबंधों को लेकर चर्चा तेज कर दी है। हालांकि, इस पूरे मामले में संबंधित पक्षों के आधिकारिक वक्तव्यों, विभागीय आदेशों और विवाद की परिस्थितियों की स्वतंत्र पुष्टि के बिना किसी व्यक्ति को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक अधिकारी और नागरिक को अपना पक्ष रखने का अधिकार है। साथ ही, किसी भी विवाद की वास्तविकता सामने लाने के लिए तथ्यों, साक्ष्यों और निष्पक्ष जांच को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यदि किसी अधिकारी को लगता है कि उसके साथ अन्याय हुआ है या किसी कार्रवाई में नियमों का पालन नहीं किया गया, तो उसके पास अपनी बात रखने के लिए विभागीय और कानूनी मंच उपलब्ध हैं। इसी प्रकार, यदि किसी वकील को पुलिस की किसी कार्रवाई से आपत्ति है, तो वह भी कानून के दायरे में रहकर शिकायत दर्ज करा सकता है। लेकिन जब किसी विवाद में व्यक्तिगत प्रतिष्ठा, पेशेवर पहचान या वर्चस्व का प्रश्न हावी होने लगता है, तो समाधान की संभावनाएं कमजोर पड़ने लगती है। पुलिस अधिकारी को कानून के अनुसार कार्रवाई करनी होती है। उसे शिकायतकर्ता, आरोपी, गवाह और अन्य संबंधित व्यक्तियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना चाहिए। किसी व्यक्ति की सामाजिक हैसियत, पेशा या प्रभाव कानून से ऊपर नहीं हो सकता। यदि कोई वकील किसी मामले में पक्षकार है या किसी पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहा है, तो उसके पेशे के कारण उसे कानून से अलग कोई विशेष छूट नहीं मिलती। दूसरी ओर, वकील न्याय व्यवस्था के अभिन्न अंग हैं। उन्हें अपने मुवक्किलों के अधिकारों की रक्षा करने, कानूनी प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने और किसी अनुचित कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार है। लेकिन यह अधिकार भी कानून और पेशेवर आचरण की सीमाओं के भीतर ही प्रभावी होता है। पुलिस के काम में वैधानिक हस्तक्षेप और पुलिस की किसी कार्रवाई पर कानूनी आपत्ति जताना दो अलग-अलग बातें हैं। इसी प्रकार, पुलिस की वर्दी किसी अधिकारी को मनमानी करने का अधिकार नहीं देती। पुलिस और वकीलों के बीच मतभेद होना अस्वाभाविक नहीं है। कानून के अलग-अलग पक्षों की व्याख्या करते समय असहमति हो सकती है, लेकिन असहमति और टकराव में अंतर है। असहमति व्यवस्था को बेहतर बना सकती है, जबकि व्यक्तिगत संघर्ष व्यवस्था की ऊर्जा और संसाधनों को नष्ट करता है। कानून के सामने सभी समान हैं। न पुलिस का पद कानून से ऊपर है और न वकील का पेशा। दोनों को अपने अधिकारों का इस्तेमाल जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। किसी भी पक्ष के साथ अन्याय होने पर निष्पक्ष जांच और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से समाधान होना चाहिए। अंततः, सवाल यह नहीं है कि शाहदरा में किसका वर्चस्व स्थापित होगा, बल्कि यह है कि कानून, निष्पक्षता और जनता के विश्वास की जीत कैसे सुनिश्चित होगी। यदि पुलिस और वकील अपनी-अपनी पेशेवर मर्यादा को प्राथमिकता देते हुए संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया का रास्ता अपनाते हैं, तो विवादों का समाधान संभव है। लेकिन यदि हर मतभेद प्रतिष्ठा की लड़ाई बनता रहा, तो नुकसान किसी एक अधिकारी, वकील या विभाग का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का होगा जिससे आम नागरिक न्याय और सुरक्षा की उम्मीद करता है।लोकतंत्र में संस्थाओं की मजबूती किसी व्यक्ति के प्रभाव से नहीं, बल्कि उनके निष्पक्ष कामकाज से तय होती है। इसलिए समय की मांग है कि वर्चस्व की लड़ाई के बजाय कानून के सम्मान, जवाबदेही और संस्थागत समन्वय को प्राथमिकता दी जाए। यही पुलिस और वकील, दोनों के पेशे की गरिमा और जनता के विश्वास को बनाए रखने का सबसे प्रभावी रास्ता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते।

ब्राह्मण का सपना



संकलित
प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

अंतर्मन



आज की पाती

मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका

आधारित चैटबॉट लोगों के लिए तेजी से संपर्क का पहला माध्यम बनते जा रहे हैं। अकेलापन, चिंता, तनाव, अवसाद, रिश्तों की उलझन या भावनात्मक संकट के क्षणों में कई लोग पहले किसी चिकित्सक के पास जाने के बजाय एआई से बातचीत करना पसंद कर रहे हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहां मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अभी भी असमान है, एआई तकनीक एक नई संभावना प्रस्तुत करती है। हालांकि, यह समझना आवश्यक है कि एआई मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने का माध्यम हो सकता है, उनका विकल्प नहीं। मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका बढ़ने वाली है। - *प्रकाश शर्मा, गन्नौर*

ट्रेंड

टूलकिट बने राहुल



राहुल गांधी उन ताकतों की एक टूलकिट हैं, जिन्होंने नेपाल और अन्य पड़ोसी देशों में अशांति पैदा की। वह उन ताकतों का नेतृत्व कर रहे है, जो पूरे देश में अराजकता लाना चाहता है। उनके पास कोई विजन नहीं है। -**नितिन नवीन,** भाजपा अध्यक्ष

मोदीजी झूठ बोलना बंद करें



मोदीजी इस देश से झूठ बोलना बंद कीजिए आप विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने हुए हैं। मै आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देता हूं। कोई भी मंच किसी भी समय हिम्मत है तो सामने आइये।
-**राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

'डबल इंजन' ने धोखा दिया



उत्तराखंड में भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रदेश की जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को छलने का काम किया है। ध्वस्त कानून-व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल, सत्ता का अहंकार और जवाबदेही से लगातार पल्ला झाड़ने की प्रवृत्ति ने प्रदेश की जनता को निराश किया है। -**मल्लिकार्जुन खड़गे,** कांग्रेस अध्यक्ष

एक्सपोज हुई आप



आम आदमी पार्टी जनता के सामने एक्सपोज हो चुकी है। पंजाब में भाजपा के पक्ष में एक अंडरकरंट है और आम आदमी पार्टी के खिलाफ बहुत मजबूत सत्ता विरोधी लहर (एंटी इनकंबेंसी) है। इसी वजह से आप के नेता भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर हमारी पार्टी से जुड़ रहे हैं।
-**सतीश पूनिया,** भाजपा के पंजाब प्रभारी

करंट अफेयर

पाक में पोलियो टीकाकरण के लिए 8 हजार पुलिसकर्मी तैनात



पाकिस्तान के कराची शहर में एक सप्ताह तक चलने वाले पोलियो रोधी अभियान के दौरान टीकाकरण दलों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 8,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। दो से आठ नवंबर तक चलने वाला यह अभियान पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में भी शुरू किया गया है। इनमें बलूचिस्तान प्रांत भी शामिल है, जहां 31 जिलों में टीकाकरण दल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच काम कर रहे हैं। यह घटनाक्रम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर जिले में पोलियो का एक नया मामला सामने आने की राष्ट्रीय पोलियो उन्मूलन आपातकालीन संचालन केंद्र द्वारा पुष्टि किए जाने के एक दिन बाद हुआ है। कराची के आयुक्त सैयद हसन नकवी ने कहा कि टीकाकरण दलों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि पूर्व में टीकाकरण अभियानों के दौरान सुरक्षा संबंधी घटनाएं और हमले हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं तथा सुरक्षा मजबूत करने के लिए औचक जांच के साथ मोटरसाइकिल से गश्त भी बढ़ा दी गई है। पाकिस्तान में पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान अक्सर हिंसा की घटनाओं से प्रभावित होते रहे हैं।

ऑफ बीट

मंगल के 4.1 अरब साल पुराने उल्कापिंड का रहस्य किया उजागर



नासा ने मंगल ग्रह पर 13 ऐसी जगहों का पता लगाया है, जहां से तेघाजा 001 उल्कापिंड आया हो सकता है। यह पत्थर माली के सहारा रेगिस्तान में 2022 में मिला था और यह करीब 4.1 अरब साल पुराना है। इसी वजह से यह पृथ्वी पर मिले मंगल के सबसे पुराने उल्कापिंडों में से एक है। वैज्ञानिकों ने मंगल ऑर्बिटर से मिले डाटा की मदद से इसके खनिजों का मिलान मंगल ग्रह के उन क्षेत्रों से किया है, जो ज्यादातर प्राचीन दक्षिणी उच्चभूमि (हाइलैंड्स) में आते हैं। मंगल की दक्षिणी उच्चभूमि सबसे पुरानी जमीनों में से एक है, जिसमें ग्रह के शुरुआती दिनों के अहम सुराग छिपे हैं। तेघाजा 001 में मिले अजीब ज्वालामुखी खनिज ये संकेत देते हैं कि यह मंगल के ऐसे हिस्से से आया है, जिसके नमूने हमने पहले कभी नहीं लिए हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि एक एस्ट्रोयड के टकराने से यह मंगल से उछलकर पृथ्वी तक अपनी लंबी यात्रा पर आया होगा। हालांकि, यह किस खास क्षेत्र से आया था, यह अभी भी एक रहस्य है, जिसे वे सुलझाने की उम्मीद कर रहे हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



मेसी के गोल से इंटर मियामी की जीत, गोल्डन बूट की दौड़ में आगे

एजेंसी ▶▶| फॉक्सबोरो

लियोनेल मेसी ने एक बेहतरीन असिस्ट और मैच के आखिर में किए गए गोल की मदद से इंटर मियामी को न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने अगले साल होने वाले कॉन्काकैफ चैंपियंस कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत से मियामी एमएलएस कप प्लेऑफ से पहले ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में नंबर 2 सीड की स्थिति में पहुंच गई है। इस सीजन में मेसी के नाम अब 26 गोल और 16 असिस्ट हो गए हैं। इसके साथ ही वह लगातार तीसरी बार एमएलएस एमवीपी अवार्ड और लगातार दूसरी बार 'गोल्डन बूट' जीतने की रेस में सबसे आगे हो गए हैं।



पहले 45 मिनट में कड़ा मुकाबला

पहले 45 मिनट तक दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला रहा और हाफ टाइम तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। इस दौरान इंटर मियामी को 28वें मिनट में एक अच्छा मौका मिला, जब मेक्सिकन खिलाड़ी बर्टेरामे ने बॉक्स के बाईं ओर से बाएं पैर से शॉट मारा, जिसे न्यू इंग्लैंड के गोलकीपर मैट टर्नर ने बचा लिया।

इंटर मियामी ने दिखाया शानदार टीम वर्क

दूसरे हाफ में, 53वें मिनट में डेनियल गाजदाग के गोल की बदौलत मेजबान टीम (न्यू इंग्लैंड) ने खाता खोला। 69वें मिनट में इंटर मियामी ने शानदार टीम वर्क दिखाते हुए स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। सेगोविया ने बॉक्स के अंदर एक 'लॉब' पास दिया, जिस पर मेसी ने हेडर से गेंद को बर्टेरामे की तरफ बढ़ाया। बर्टेरामे ने बॉक्स के बीच से एक जोरदार हेडर लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। यह इस रेगुलर सीजन में बर्टेरामे का 10वां गोल था, जबकि मेसी का यह इस लीग सीजन का 16वां असिस्ट रहा।

इंटर मियामी ने पलटा मैच का पासा

83वें मिनट में इंटर मियामी ने मैच का पासा पूरी तरह से पलटा। एक बेहतरीन पासिंग सीक्वेंस के बाद मेसी ने निर्णायक गोल किया। सुआरेज ने बॉक्स के बाहर बीच में मेसी को गेंद दी, जहां अर्जेंटीना के इस स्टार खिलाड़ी ने तीन डिफेंडरों को छकाया। इसके बाद सेगोविया के साथ मिलकर वह बॉक्स के अंदर पहुंचे और एक सटीक शॉट के जरिए गेंद को गोल पोस्ट के निचले दाएं कोने में पहुंचा दिया।

मेसी के कुल गोल की संख्या हुई 26

इस गोल के साथ मेसी के कुल गोल की संख्या 26 हो गई है, जिससे वह एमएलएस 2026 गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे निकल गए हैं। वहीं, इस रेगुलर सीजन में सेगोविया के असिस्ट की संख्या 12 हो गई है। इसके बाद 1-2 की स्कोरलाइन अंतिम सीटी बजने तक कायम रहा, जिससे इंटर मियामी ने अपने घर से बाहर खेलते हुए तीन अंक हासिल किए।

खबर संक्षेप



चेक ओपन स्क्वाश के फाइनल में सेंथिलकुमार

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ब्रनो में चल रहे 35,000 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए चेक ओपन के फाइनल में पहुंच गए हैं। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने सेमीफाइनल में विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज फ्रांसीसी खिलाड़ी ऑगस्टे डुसॉर्ड को सीधे गेम में 11-7, 12-10, 11-1 से हराया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टरफाइनल में अर्जेंटीना के आठवीं वरीयता प्राप्त जेरेमियास अज़ाना को 11-3, 11-8, 11-7 से और दूसरे दौर में ब्राजील के डिएगो गोब्बी को 11-4, 11-7, 11-2 से हराया था। उन्हें पहले दौर में बाइ मिली थी। पिछले महीने जापान में एशियाई खेलों में मिश्रित टीम वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले सेंथिलकुमार खिताबी मुकाबले में यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज स्कॉटलैंड के ग्रेग लोब्बन से भिड़ेंगे।

जम्मू कश्मीर ने जीती बधिर टी-20 चैंपियनशिप



सूरत। जम्मू कश्मीर ने फाइनल में राजस्थान को हराकर बधिरों की आईडीसीए 10वीं टी20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप का खिताब जीता। इस चैंपियनशिप में 14 राज्यों की टीमों ने भाग लिया था, जो भारत में बधिर क्रिकेट के निरंतर विकास में महत्वपूर्ण साबित होगा। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ बधिर क्रिकेटरों के लिए खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों को अधिक मान्यता दिलाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। आईडीसीए का नए क्षेत्रों तक पहुंचने का लक्ष्य है, जिससे कि बधिर क्रिकेट को पहचान मिल सके।

इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम का ऐलान



ब्रिस्बेन। मैट रेनशॉ और कैमरन ग्रीन को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और इसलिए तेज गेंदबाजी की तिकड़ी मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस को इस महीने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे और टी20 श्रृंखला से विश्राम दिया गया है ताकि वह 9 दिसंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला की तैयारी कर सकें। ग्रीन और रेनशॉ को एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, ट्रैविस हेड और कूपर कॉनॉली के साथ 13, 15 और 18 नवंबर को होने वाले तीन घरेलू वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में चुना गया है।

रणजी ट्रॉफी मध्य प्रदेश की टीम 209 रन पर सिमटी

हर्ष की फिरकी का कहर, एक पारी में 53 रन देकर झटके शानदार 9 विकेट

एजेंसी ▶▶| नागपुर

बाएं हाथ के फिरकी ऑलराउंडर हर्ष दुबे ने रणजी ट्रॉफी के चौथे राउंड के मुकाबले में 9 विकेट लेकर धूम मचा दी। विदर्भ की ओर से खेलते हुए उन्होंने मध्यप्रदेश के सामने 53 रन देकर 9 बल्लेबाजों को आउट किया। हर्ष दुबे महज एक विकेट से मध्य प्रदेश के सभी 10 बल्लेबाजों को आउट करने से चूक गए। यह एक सफलता नचिकेत भुटे को मिला, जिन्होंने मध्य प्रदेश का पहला विकेट गिराया। इसके बाद के सभी नौ विकेटों को हर्ष दुबे ने गिराया। नागपुर में हो रहे मुकाबले के पहले दिन मध्य प्रदेश की टीम 209 रन पर सिमट गई। उसकी तरफ से अथर्व महाजन ने सबसे ज्यादा 85 रन बनाए। जवाब में विदर्भ की हालत भी खराब है। दिन की समाप्ति होने तक उसके 4 विकेट 56 रन पर गिर चुके थे।



हर्ष ने 2022 में किया था डेब्यू

हर्ष दुबे ने 2022 में विदर्भ की ओर से फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। उन्होंने अपने पहले ही डेब्यू रणजी सीजन में तीन मैच खेले थे और पांच विकेट निकाले थे। इसके अगले सीजन पांच मुकाबले खेले और 23 विकेट लिए थे। वे 2024-25 के सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। तब उन्होंने 10 मैच में 16.98 की औसत से 69 विकेट लिए थे। उन्होंने पिछले रणजी सीजन में तीन ही मैच खेले थे और 14 शिकार किए थे। वर्तमान सीजन में वे अभी तक 23 विकेट ले चुके हैं और सर्वाधिक विकेट वाले गेंदबाजों में तीसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे कार्तिक त्यागी (उत्तर प्रदेश) और तनय त्यागराजन (हैदराबाद) हैं, जिनके नाम 24 विकेट हैं।

मयंक मिश्रा की घातक गेंदबाजी के आगे बिखरी हरियाणा की पारी, उत्तराखंड मजबूत स्थिति में



रोहतक। रणजी ट्रॉफी के एक रोमांचक मुकाबले में उत्तराखंड ने हरियाणा के खिलाफ अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है। अभिमन्यु क्रिकेट अकादमी ग्राउंड देहरादून पर खेले जा रहे इस मैच के पहले दिन उत्तराखंड के गेंदबाजों ने शानदार अनुशासन का परिचय देते हुए हरियाणा की पूरी टीम को पहली पारी में महज 153 रनों पर समेट दिया। दिन का खेल समाप्त होने तक उत्तराखंड ने बिना किसी नुकसान के 59 रन बना लिए हैं और वह पहली पारी के आधार पर अब केवल 94 रन पीछे है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की शुरुआत बेहद खराब रही। उत्तराखंड के अनुभवी स्पिनर मयंक मिश्रा ने कहर बरपाते हुए हरियाणा के बल्लेबाजों को क्रीज पर टिकने का कोई मौका नहीं दिया। मयंक ने सटीक लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करते हुए 23 ओवरों में 57 रन देकर 6 महत्वपूर्ण विकेट झटके। उनका साथ निभाते हुए देवेंद्र बोरा ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट अपने नाम किए। हरियाणा की ओर से कनिष्क चौहान ने सर्वाधिक 24 रन बनाए, जबकि निचले क्रम में तन्मय बालोदा ने 21 और अजीत चहल ने 16 रनों का योगदान दिया, जिससे टीम 150 के पार पहुंच सकी। इसके बाद पहली पारी खेलने उतरी उत्तराखंड के सलामी बल्लेबाजों ने बेहद सूझबूझ और संयम का परिचय दिया। स्टंप्स के समय आरव महाजन 33 रन और डेगा निश्चल 25 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। दोनों बल्लेबाजों ने बिना कोई विकेट गंवाए 59 रन जोड़कर टीम को सुरक्षित शुरुआत दिलाई।

चोला शतरंज इंटरनेशनल

दस साल के सरबर्थो मणि ने किया उलटफेर, ग्रीस ग्रैंडमास्टर को दी मात



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पहले चोला शतरंज इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में 10 साल के भारतीय खिलाड़ी सरबर्थो मणि ने ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिसने सभी को हैरान कर दिया। फिडे मास्टर सरबर्थो ने दूसरे दौर के मुकाबले में ग्रीस के ग्रैंडमास्टर दिमित्रिस एलेक्साकिस को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

मुकाबले में एक समय ऐसा था, जब 15वीं चाल के बाद सरबर्थो मणि की लगभग हार नजर आ रही थी। सरबर्थो मणि के प्रतिद्वंद्वी को दो प्यादों की बढ़त हासिल थी। इसके बावजूद कोलकाता के इस नन्हें खिलाड़ी ने शानदार वापसी की और 58वीं चाल पर ग्रीक ग्रैंडमास्टर को हार मानने पर मजबूर कर दिया। दिलचस्प बात यह रही कि मुकाबला खत्म होने पर सरबर्थो मणि के पास घड़ी में 1 घंटा 12 मिनट का समय बचा था, जबकि दिमित्रिस एलेक्साकिस के पास महज 36 सेकंड शेष थे।

58वीं चाल में एलेक्साकिस को हराया

दिमित्रिस एलेक्साकिस के खिलाफ सरबर्थो मणि की जीत कई मायनों में खास रही। मुकाबले की 15वीं चाल तक उनकी स्थिति काफी खराब हो चुकी थी और जीत की उम्मीद भी कम नजर आ रही थी। इसके बावजूद 10 साल के सरबर्थो ने शानदार वापसी करते हुए 58वीं चाल पर ग्रीस के ग्रैंडमास्टर को हार मानने पर मजबूर कर दिया। इस जीत के साथ उन्होंने रेटिंग के बड़े अंतर को भी गलत साबित कर दिया।

शुरुआती चालों में मुश्किल में घिर थे सरबर्थो

सरबर्थो मणि शुरुआती चालों में ही मुश्किल में घिर गए थे। वह अपने प्रतिद्वंद्वी के राजा की तरफ दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे, जबकि एलेक्साकिस शतरंज की बिसात के बीच वाले हिस्से को खोलकर हमला करने की तैयारी में थे। 15 चालों के बाद खेल का आकलन करने वाले कंप्यूटर ने ग्रीस के ग्रैंडमास्टर को दो प्यादों के बराबर बढ़त दी थी।

युवा ओलंपिक

तैराक धिनिधि ने जीता कांस्य पदक खुशबू ने फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| डकार

भारतीय तैराक धिनिधि देशिंगु ने सोमवार को महिला 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपनी शानदार लय जारी रखी तो वहीं जूडो खिलाड़ी खुशबू राजकभाई ने युवा ओलंपिक खेलों के फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। खुशबू युवा ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी भारतीय जूडो खिलाड़ी बन गईं। महिला 63 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंचने के साथ ही उन्होंने कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया। धिनिधि ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 56.27 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। क्रोएशिया की एना बोबानोविच ने 55.89 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि न्यूजीलैंड की एलिसा लॉसन 56.13 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीतने में सफल रहीं। बेंगलुरु की 16 वर्षीय धिनिधि ने इससे पहले हीट में 56.80 सेकंड का समय लेकर अपनी स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया था। वह फाइनल के लिए तीसरी सबसे तेज तैराक के रूप में क्वालीफाई हुई थीं। हीट में बोबानोविच (56.22 सेकंड) और लॉसन (56.53 सेकंड) ही उनसे तेज रही थीं। खुशबू के सामने फाइनल में जर्मनी की कैडेट विश्व चैंपियन जोलिना रेनहोल्ड की चुनौती होगी। गुजरात की 15 वर्षीय खुशबू अगर फाइनल में जीत हासिल करती हैं तो वह युवा ओलंपिक में जूडो का स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगी। इससे पहले थांगजाम तबाबी देवी ने युवा ओलंपिक में भारत के लिए जूडो का एकमात्र पदक अपने नाम किया है।

पुरुष हॉकी : भारत ने दक्षिण कोरिया को 8-0 से रौंदा

सेमीफाइनल में फिर आमने-सामने होंगी टीमें

जालंधर। पांच बार की चैंपियन भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में जीत का अभियान जारी रखते हुए राउंड रॉबिन चरण के अपने आखिरी और पांचवें मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 8-0 से करारी शिकस्त दी। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम ने पांच मैचों में पांच जीत के साथ पूरे 15 अंक हासिल कर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया। जापान दूसरे, एशियाई खेलों का रजत पदक विजेता मलेशिया तीसरे और दक्षिण कोरिया चौथे स्थान पर रहा। भारत ने इससे पहले बांग्लादेश को 13-0, चीन को 5-2, जापान को 4-1 और मलेशिया को 4-2 से हराया था। टूर्नामेंट का अंतिम चरण अब मोहाली में खेला जाएगा। बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल में भारत का सामना एक बार फिर दक्षिण कोरिया से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मलेशिया और जापान की टीमें आमने-सामने होंगी। कोरिया के खिलाफ भारत की ओर से दिलप्रीत सिंह ने आठवें और 40वें मिनट में गोल कर दोहरी सफलता हासिल की। उनके अलावा जुगराज सिंह (11वें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (15वें मिनट), शिलानंद लकड़ा (33वें मिनट), सुखजीत सिंह (34वें मिनट), संजय (36वें मिनट) और अंगद बीर सिंह (60वें मिनट) ने गोल दागे। भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया।

न्यूजीलैंड ए को पहली पारी में बढ़त सिराज और मुकेश ने झटके 9 विकेट

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

मोहम्मद सिराज ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले लय हासिल करते हुए भारत ए की तरफ से न्यूजीलैंड ए के खिलाफ 4 विकेट लिए लेकिन वह मेजबान टीम को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां पहली पारी में 78 रन की बढ़त हासिल करने से नहीं रोक पाए।

न्यूजीलैंड की टीम के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय 8 विकेट पर 338 रन था लेकिन इसके बाद उसने अंतिम दो विकेट गंवाने से पहले 86 रन जोड़े। इस तरह से उसकी टीम भारत के 346 रन के जवाब में 424 रन बनाने में सफल रही।



भारत ए 46 रन पीछे

भारत ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 32 रन बनाए और इस तरह से वह अभी न्यूजीलैंड की टीम से 46 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय यशस्वी जायसवाल 20 और साई सुदर्शन 11 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले तेज गेंदबाज सिराज ने 35 ओवरों में 118 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि एक अन्य तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने 29 ओवर 87 रन देकर 5 विकेट झटके।

आज से 5 लाख डॉलर इनामी सुपर 500 टूर्नामेंट

कोरिया ओपन से हटे लक्ष्य, भारतीय चुनौती संभालेंगे प्रणय

एजेंसी ▶▶| यिओसु।

जर्मनी में हाइलो ओपन का खिताब जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन कोरिया ओपन से हट गए हैं, जिसके बाद मंगलवार से शुरू होने वाले इस 5 लाख डॉलर इनामी सुपर 500 टूर्नामेंट में अनुभवी एचएस प्रणय भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। लक्ष्य को पहले दौर में चीन के डोंग तियान याओ से भिड़ना था लेकिन उन्होंने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है।

प्रणय अपने अभियान की शुरुआत दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ करेंगे। 33 वर्षीय प्रणय अंतरराष्ट्रीय सर्किट में भारत के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं और लक्ष्य की गैरमौजूदगी में पुरुष एकल में उन पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। पुरुष एकल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोउ तिएन चेन, जापान के तीसरे वरीय कोडाई नाराओका और कनाडा के विक्टर लाई जैसे मजबूत खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेंगे।



सोनाली और रितिका का सामना ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी से

महिला युगल में भारत की सोनाली सिंह और रितिका ठाकेर का सामना ऑस्ट्रेलिया की लौडिया चेल्सी ग्रिसेल्डा और नोजोमी शिमिजू से होगा। मिश्रित युगल में ध्रुव रावत और के मनीषा भारतीय चुनौती पेश करेंगे। पहले दौर में उनका मुकाबला झू यी जुन और ली कियान की सातवीं वरीयता प्राप्त चीन की जोड़ी से होगा।

सुइजु के खिलाफ उतरेंगी तन्वी

महिला एकल में तन्वी शर्मा अपने अभियान की शुरुआत जापान की मनामी सुइजु के खिलाफ उतरेंगी। इस साल ताइपे ओपन का खिताब जीतने वाली इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने खुद को उभरती प्रतिभाओं में शामिल किया है। मालविका बंसोड़ को पहले दौर में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। उनका मुकाबला दक्षिण कोरिया की चौथी वरीय सिम यू जिन से होगा। अनमोल खरब कनाडा की रेचल चान से भिड़ेंगी। 19 वर्षीय अनमोल का जर्मनी में प्रदर्शन प्रभावशाली रहा था, जहां उन्होंने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। कोरिया ओपन में उनके पास एक बार फिर ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी क्षमता साबित करने का मौका होगा।

विशाखापट्टनम की रिफाइनरी में धमाका, इलाका खाली कराया

आग टैंक तक ही सीमित, दूसरे हिस्सों को खतरा नहीं

एजेंसी ▶▶ विशाखापट्टनम



विशाखापट्टनम की एचपीसीएल ऑयल रिफाइनरी में सोमवार रात धमाका हुआ है। धमाके के बाद ऊंची लपटें उठती दिखीं।

घने धुएं ने आसपास के इलाके को घेर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आग क्रूड प्रोसेसिंग यूनिट-3 के सल्फर पिच टैंक में लगी थी। विशाखापट्टनम के पुलिस कमिश्नर शंखब्रत बागची ने घटना की पुष्टि की और कहा कि आग टैंक तक ही सीमित है और इससे रिफाइनरी के दूसरे हिस्सों को कोई खतरा नहीं है।

पहले भी हो चुका धमाका

इस रिफाइनरी में पहले भी 2013 में कूलिंग टावर में धमाके से 2 लोगों की मौत हुई थी और 37 लोग घायल हुए थे। डीसीपी ऐश्वर्या रस्तोगी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पहले 5 फायर टेंडर पहुंचे, फिर और मंगाए गए। विशाखापट्टनम में स्थित यह प्रमुख ऑयल रिफाइनरी (एचपीसीएल विशाख रिफाइनरी) साल 1957 में शुरू की गई थी।

भारतीयों के लिए ब्रिटेन में नौकरी और पढ़ना होगा आसान!

सैलरी लिमिट में बदलाव, एचपीआई वीजा का दायरा बढ़ाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन हायर एजुकेशन के साथ-साथ नौकरी के लिए भी एक लोकप्रिय ठिकाना रहा है। यहां काम करने वाले भारतीयों की तादाद लाखों में है। हालांकि, पिछले कुछ समय में इमिग्रेशन नियमों में हुए बदलावों ने भारतीयों की मुश्किलें बढ़ाई हैं। अब ब्रिटेन में इमिग्रेशन नीति में एक बार फिर बड़े बदलाव की तैयारी हो रही है। सरकार के 2026 के बजट में इसके लिए रूपरेखा पेश की गई है।

इन बदलावों का असर भारतीय पेशेवरों, छात्रों और विदेशी कर्मचारियों को नौकरी देने वाली कंपनियों पर पड़ सकता है। सरकार का मुख्य उद्देश्य ब्रिटेन और उसके विभिन्न क्षेत्रों की आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए कुशल कामगारों को आकर्षित करना है। प्रस्तावित बदलाव लागू होने पर भारतीय छात्रों और कामगारों को इसका सीधा फायदा मिल सकता है। ब्रिटेन में पिछले कुछ समय से इमिग्रेशन नियमों में लगातार बदलाव किए गए हैं। इससे पढ़ाई और नौकरी के लिए वहां गए भारतीयों की चिंताएं बढ़ी हैं। कई भारतीयों के लिए ब्रिटेन में लंबे समय तक रहना मुश्किल हो गया है। पोस्ट-ग्रेजुएट वीजा की अवधि कम करने के ऐलान ने भी उनकी चिंता बढ़ाई थी। हालांकि, अब सरकार के नए प्रस्तावों से स्थिति में बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है। ये घोषणाएं ऐसे समय में की जा रही हैं, जब ब्रिटेन आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। देश की आर्थिक विकास दर के अनुमान घटाए गए हैं, कर्ज लेने की लागत बढ़ रही है, वित्तीय निवेश की गुंजाइश कम हो रही है और ऊर्जा की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे हालात में सरकार सार्वजनिक खर्च बढ़ाए बिना व्यापारिक निवेश और उत्पादकता को बढ़ावा देना चाहती है।

दो साल का ग्रेजुएट वीजा भी रहेगा जारी, और भी मिलेंगी राहतें

ब्रिटेन का इमिग्रेशन प्लान बदलेगा, जिससे आसान होंगे रास्ते

ब्रिटेन इन दिनों चुनौतियों से जूझ रहा है,कर्ज भी बढ़ रहा है

ब्रिटेन सरकार के 2026 के बजट में इसके लिए रूपरेखा पेश की



फाइल फोटो

नौकरी के हिसाब से वेतन सीमा को बढाने की योजना तैयार

इस तरह के होंगे बदलाव

- स्किल वर्कर्स की सैलरी लिमिट: नौकरी के हिसाब से वेतन सीमा को 25वें पर्सेंटाइल पर वापस लाने की योजना है
- एचपीआई वीजा का विस्तार: हाई पोटेंशियल इंडिविजुअल (एचपीआई) वीजा का दायरा बढ़ाया जाएगा
- ग्रेजुएट वीजा जारी रहेगा: विदेशी छात्रों के लिए दो साल का ग्रेजुएट वीजा बरकरार रखा जाएगा
- अधिक रियायती समय: कुछ उच्च कौशल वाले प्रायोजित कर्मचारियों को नौकरी या स्पॉन्सरशिप बदलने की स्थिति में ब्रिटेन में रुकने के लिए अधिक समय देने का प्रस्ताव है।

खबर संक्षेप

एक्टर अनुज को 33 की उम्र में हार्ट अटैक, मौत

नई दिल्ली। टीवी शो 'बंधन सात जन्मों का' फेम एक्टर अनुज ठाकुर का हार्ट अटैक से 33 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। 30 अक्टूबर की सुबह घर पर नींद में ही उनकी सांसें थम गईं। एक्टर के दोस्त और कास्टिंग डायरेक्टर रूपेश सोनार ने मीडिया से बातचीत में इस खबर की पुष्टि की है। रूपेश के मुताबिक, अनुज रोजाना सुबह 4:30 बजे उठकर वर्कआउट करते थे, लेकिन 30 अक्टूबर को अलार्म बजने के बाद भी वे नहीं उठे। जब उनकी मां उन्हें जगाने कमरे में पहुंचीं, तब तक अनुज का निधन हो चुका था।

फिल्ममेकर वेद राही का 93 साल की उम्र में निधन

मुंबई। भारतीय साहित्य और मनोरंजन जगत के दिग्गज लेखक एवं फिल्ममेकर वेद राही का 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने रविवार को महाराष्ट्र के ठाणे स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उन्हें 'गुल गुलशन गुलफाम' के निर्देशन के लिए याद किया जाता है। वर्ष 1983 में कहानी संग्रह 'आले' के लिए राही को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था। उनके निधन पर साहित्य अकादमी सहित साहित्य और सिनेमा जगत की हस्तियों ने शोक जताया। उनका अंतिम संस्कार ठाणे के कोपरी श्मशान घाट पर किया गया।

चुनौतियों के बावजूद भारत की ग्रोथ मजबूत कोविड हो या पश्चिम एशिया संकट: मोदी

समिट में प्रधानमंत्री बोले- 140 करोड़ भारतीयों ने देश को संकट से निकाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इंडिया रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो 2026 का इनॉगरेशन किया। उन्होंने कहा कि इस साल दुनिया में एनर्जी शॉक की ही चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ सालों में ग्लोबल इकोनॉमी ने ऐसे संकटों का सामना किया है, जो पहले कभी नहीं हुए। कोविड-19 से लेकर पश्चिम एशिया के संकट तक दुनिया को एक के बाद एक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। मुझे गर्व है कि 140 करोड़ भारतीयों ने देश को इन मुश्किल समय से निकलने में मदद की है। कई चुनौतियों के बावजूद भारत ने एक मजबूत ग्रोथ ट्रैक बनाए रखा। अगर हमने पिछले दशक में क्लीन एनर्जी में इन्वेस्ट नहीं किया होता और नए सिस्टम नहीं बनाए होते तो हमारी इकोनॉमी पर इन संकटों का असर कहीं ज्यादा गंभीर होता। 2021 के समिट में, भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट नॉन-फॉसिल फ्यूल एनर्जी कैपेसिटी हासिल करने का संकल्प लिया था। पेरिस एग्रीमेंट के तहत, भारत ने अपनी इंस्टॉल्ड पावर कैपेसिटी का 50% नॉन-फॉसिल फ्यूल सोर्स से पूरा करने का भी वादा किया था। हमने यह टारगेट 2025 में, तय समय से पांच साल पहले हासिल कर लिया। मैं चाहता हूं कि भारत के अनुभव इसका लाभ पूरी मानवता को मिले। इस क्षेत्र में भारत की जो सफलताएं हैं, वो दुनिया के अनेक देशों को काम आएगी। हमने फरवरी 2024 में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शुरू की, इसके तहत एक करोड़ घरों में रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य है। पिछले 24-25 महीनों में ही 65 लाख से ज्यादा घर अभियान से जुड़ चुके हैं।

भारत हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा | देश ने सालाना 50 लाख टन उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा



रिन्यूबल एनर्जी 299.25 गीगावॉट

भारत में रिन्यूएबल एनर्जी (सौर, पवन और अन्य नवीकरणीय स्रोतों) की कुल स्थापित क्षमता करीब 299.25 गीगावॉट है। इसमें सोलर एनर्जी की क्षमता 171.05 गीगावॉट, विंड एनर्जी की 59.20 गीगावॉट और बड़े हाइड्रो प्रोजेक्ट की 52.06 गीगावॉट है।

स्कूल, अस्पतालों को सौर ऊर्जा से जोड़ना होगा

प्रधानमंत्री ने कहा, "हमें हर सरकारी भवन, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और सड़क पर रोशनी की व्यवस्था को सौर ऊर्जा से जोड़ना होगा। हमें स्वदेशी ऊर्जा भंडारण समाधान विकसित करने और बैटरी भंडारण की नई क्षमता तैयार करने की जरूरत है।" मोदी ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश ने सालाना 50 लाख टन उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा है। उन्होंने हरित ऊर्जा गलियारे (अंतरराज्यीय बिजली पारेषण लाइन) का भी उल्लेख किया। इससे आने वाले समय में विकसित होने वाली नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता से उत्पादित बिजली को दूसरे क्षेत्रों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने हरित ऊर्जा गलियारे के दूसरे चरण के लिए दो लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। मोदी ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा का भविष्य स्वच्छ बिजली में निहित है।

यह समिट क्यों अहम है?

विदेशी निर्भरता घटाना: स्वच्छ ऊर्जा से आयातित तेल, गैस और कोयले पर निर्भरता कम होगी।

बिजली की मांग पूरी करना: उद्योग, शहरों और घरों की बढ़ती बिजली जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

रोजगार और उद्योग बढ़ाना: सोलर पैनल, बैटरी और ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में निवेश, रोजगार और विनिर्माण बढ़ेगा।

जलवायु परिवर्तन से मुकाबला: ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने में मदद मिलेगी।

वैश्विक बाजार में मजबूती: भारत स्वच्छ ऊर्जा उपकरणों और तकनीक का बड़ा निर्माता और निर्यातक बन सकेगा।

25% अग्निवीरों को सेनाओं में स्थायी नौकरी देने के फॉर्मूले में नहीं होगी कोई तब्दीली!

4 साल की सेवा पूरी करने के बाद बाहर होने वाले 75% अग्निवीरों में से कुछ को मिलेगा 2 वर्ष का सेवा विस्तार



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इसी महीने 21 नवंबर को केंद्र की बहुचर्चित अग्निपथ योजना का पहला सार्वजनिक इम्तिहान होगा। क्योंकि भारतीय नौसेना के कुल करीब 3 हजार अग्निवीरों का पहला बैच अपने चार वर्षीय सेवाकाल को पूरा करने के बाद बाहर निकलेगा। लेकिन इससे ठीक पहले सूत्रों का कहना है कि योजना के मुताबिक, सशस्त्र सेनाओं में भर्ती के साथ सेवा देने की 48 महीने की तय अवधि के बाद सेना, वायुसेना और नौसेना में स्थायी नौकरी पाने वालों का आंकड़ा फिलहाल 25% ही रहेगा। जबकि बाकी बचे हुए 75% अग्निवीरों को बाहर कर दिया जाएगा। 25 अनुपात 75 के इस आंकड़े में फिलहाल कोई बदलाव संभव नहीं है। हां, इतना जरूर है कि चार साल के बाद बाहर जाने वाले 75% अग्निवीरों में से कुछ को दो वर्ष का सेवा विस्तार दिया जा सकता है। पूर्व योजना के मुताबिक, चार साल की सेवा पूरी करने के बाद सभी अग्निवीरों को बाहर किया जाएगा और फिर इनमें से 25% को सेवा, प्रदर्शन, मेरिट सहित अन्य जरूरी मानकों पर खरा उतरने के बाद सेनाओं में स्थायी नौकरी के लिए चुना जाएगा।

आज होगी उच्च-स्तरीय बैठक

रक्षा मंत्रालय में अग्निवीरों के पहले बैच के इसी महीने बाहर निकलने के विषय को लेकर बीते कुछ दिनों से लगातार बैठकों का सिलसिला जारी है। मामले पर मंगलवार को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में भी एक उच्च-स्तरीय बैठक हो सकती है। जिसमें रक्षा मंत्रालय से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल एनएस राजा सुबमणि, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और रक्षा उत्पादन सचिव शामिल हो सकते हैं।

21 नवंबर से पहले साफ होगी पूरी तस्वीर:

सूत्रों ने बताया कि 24 महीने का सेवा विस्तार पाने वाले अग्निवीरों से जुड़ी घोषणा के संबंध में अभी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। मसलन अग्निवीरों की कुल संख्या कितनी होगी? तीनों सशस्त्र सेनाओं में किसमें सेवा विस्तार पाने वाले अग्निवीरों की सबसे ज्यादा तादाद होगी?

ईरान खुद को हथियारों से कर रहा मजबूत

जंग के बीच ईरान कई देशों से जुटा रहा हथियार

रूसी एसयू-35 फाइटर जेट से लैस होगा तेहरान, बोला-तो, डील पक्की

एसयू-35 फाइटर जेट की डील से ईरान की ताकत बढ़ेगी और सेना का हौंसला

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है कि उसने रूस के साथ एसयू-35 फाइटर जेट की डील की है। ईरानी सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अक्रामिनिया ने एक इंटरव्यू में स्वीकार किया है कि यह डील पूरी हो चुकी है और युद्ध के खत्म होते ही ईरान को एसयू-35 जेट की डिलीवरी भी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि एसयू-35 डील से ईरान की हवाई क्षमता से बड़ा इजाफा होगा, जो इजराइल और अमेरिका की आक्रामकता का सामना कर रहा है। उन्होंने इंटरव्यू के दौरान कहा कि ईरान के एसयू-35 खरीद का मुद्दा कई साल से उठाया जा रहा है।


अक्रामिनिया

खरीद और कॉन्ट्रैक्ट के लिए जो शुरुआती काम करना था, वो बहुत पहले ही पूरा हो चुका है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि ईरानी पायलटों को एसयू-35 फाइटर जेट उड़ाने की ट्रेनिंग भी मिल चुकी है। इसके अलावा ग्राउंड स्टाफ और मेंटीनेंस टीम को भी एसयू-35 के रखरखाव की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जेट के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप किए जा रहे हैं। मोहम्मद अक्रामिनिया ने बताया कि ईरान को एसयू-35 फाइटर जेट फरवरी में युद्ध के शुरू होने से पहले ही मिलने वाले थे।

उन्होंने कहा कि अगर सबकुछ ठीक रहा तो युद्ध के खत्म होते ही हमें डिलीवरी मिलनी भी शुरू हो जाएगी, जिससे हम अपनी फ्लीट में जबरदस्त इजाफा करेंगे। उन्होंने जेट की खरीद को ईरान की हवाई शक्ति को अपग्रेड करने की कोशिशों का हिस्सा बताया।

ब्रसेल्स में भारत-ईयू बैठक

भारत-ईयू एफटीए लागू करने की तैयारियां तेज

ब्रसेल्स में वाणिज्य सचिव की यूरोपीय आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात

नई दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लागू करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसे लेकर ब्रसेल्स में हुई उच्चस्तरीय बैठकों में दोनों पक्षों ने बाजार तक पहुंच बढ़ाने, कस्टम प्रक्रियाओं को सरल बनाने और सप्लाई चेन सहयोग मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की। समझौते पर दिसंबर 2026 के मध्य तक हस्ताक्षर होने की संभावना है। इसके बाद 2027 के मध्य तक इसे लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने यूरोपीय आयोग के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा महानिदेशालय की महानिदेशक डिट्टे जूल जोर्गेनसेन, अंतरराष्ट्रीय भागीदारी महानिदेशालय के महानिदेशक कोएन डोएन्स और कराधान एवं कस्टम संघ महानिदेशालय के महानिदेशक गेरासिमोस थॉमस से मुलाकात की।

दिसंबर में होंगे समझौते

जोर्गेनसेन के साथ बैठक में व्यापार को आसान बनाने और दोनों क्षेत्रों की कंपनियों के लिए नए कारोबारी अवसर तैयार करने पर जोर दिया गया।

पायलट ने भेजा था मेडे अलर्ट

फ्लोरिडा में बिजनेस जेट क्रैश, 9 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ फ्लोरिडा

अमेरिका के फ्लोरिडा में रविवार को एक बिजनेस जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गई। विमान टेक्सास से बहामास जा रहा था। दुर्घटना से पहले पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को आपात संदेश (मेडे कॉल) भेजकर विमान के तेजी से नीचे गिरने की जानकारी दी थी। पायलट ने रेडियो पर बताया कि विमान में बर्फ जम रही है और तेज झटके लग रहे हैं। मौसम खराब होने के कारण उसने 2,000 फीट और ऊंचाई पर जाने की अनुमति भी मांगी थी। इसी दौरान विमान का नियंत्रण बिगड़ गया। पायलट ने बताया कि विमान 10 हजार फीट प्रति मिनट की रफ्तार से नीचे गिर रहा है और जमीन से टकराने वाला है। इसके कुछ ही देर बाद विमान सड़क के पास जमीन से टकरा गया।



अमेरिकी चुनाव में दखल दे रहीं भारतीय कंपनियां

फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट से प्रचार

नई दिल्ली। अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में भारतीय कंसल्टेंट कंपनियों और कंटेंट क्रिएटर्स पर सोशल मीडिया के जरिए उम्मीदवारों का प्रचार करने का आरोप है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, ये लोग पैसे लेकर फर्जी अकाउंट बनाते हैं और उनसे अपने उम्मीदवार के समर्थन में पोस्ट और वीडियो शेयर करते हैं। विरोधी नेताओं के भाषणों को काट-छांटकर गलत तरीके से पेश करते हैं और उनके खिलाफ झूठे दावे फैलाते हैं। यह काम सिर्फ अमेरिका तक सीमित नहीं है। भारतीय कंसल्टेंट्स अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और पड़ोसी देशों के चुनावों में भी काम कर रहे हैं। अमेरिका के मिशिगन में डेमोक्रेटिक पार्टी की सीनेट प्राइमरी में हेली स्टीवंस के समर्थन में एक्स पर कम से कम 28 अकाउंट से वीडियो शेयर किए गए। इन वीडियो को 70 लाख से ज्यादा बार देखा गया। अल जजीरा के मुताबिक, इनमें से कम से कम 15 अकाउंट भारत से पोस्ट कर रहे थे।ऑनलाइन दुष्प्रचार पर नजर रखने वाले समूह एंटीबॉट4नवाल्नी ने इन अकाउंट्स की पहचान की थी। क्लेमसन यूनिवर्सिटी के मीडिया फॉरेंसिक हब के शोधकर्ताओं ने भी स्टीवंस के समर्थन में भारतीय अकाउंट्स और पेजों के इस्तेमाल की पुष्टि की। हालांकि, स्टीवंस यह प्राइमरी चुनाव हार गई थीं। उन्हें अब्दुल एल-सैयद ने हराया था।

यूरोप में फ्रिज को किया हैक लाखों यूरो का खाना बर्बाद

सुपरमार्केटों पर साइबर हमला, रेफ्रिजरेशन सिस्टम प्रभावित

बेल्जियम, एस्टोनिया, स्वीडन और आयरलैंड के स्टोरों को प्रभावित

एजेंसी ▶▶ ब्रुसेल्स

सुपरमार्केट के रेफ्रिजरेशन सिस्टम को निशाना बनाकर एक संदिग्ध साइबर हमले ने बेल्जियम, एस्टोनिया, स्वीडन और आयरलैंड के स्टोरों को प्रभावित किया है। इस हमले में फ्रिस और फ्रीजर का तापमान दूर से ही बढ़ा दिया गया, जिसके कारण रिटेलर्स को बड़ी मात्रा में खराब हो चुका खाना फेंकना पड़ा। रविवार और सोमवार की रात के बीच हुई इस घटना ने कई बड़ी सुपरमार्केट चेन को प्रभावित किया है। इनमें बेल्जियम की हेल्लैज और कैरेफोर, स्वीडन की आईसीए और कूप तथा आयरलैंड की सुपरवैल्यू शामिल हैं। सुपरवैल्यू के 13 स्टोर प्रभावित हुए, जबकि बेल्जियम में डेल्हैज के लगभग 40 आउटलेट और कैरेफोर के 15 स्टोरों नें समस्याएं सामने आईं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बेल्जियम में कुछ रेफिजरेशन यूनिट्स का तापमान 70 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा दिया गया था। इससे केवल डेल्हैज की एक शाखा में ही लगभग 1,00,000 यूरो का खाना खराब हो गया, जिसे फेंकना पड़ा। प्रभावित स्टोरों में कुल नुकसान लाखों यूरो तक पहुंच सकता है।



स्वीडन में 800 स्टोरों में से 7 स्टोर प्रभावित

इसका असर स्वीडन तक भी पहुंचा, जहां कई आईसीए सुपरमार्केट ने बताया कि उनके रेफ्रिजरेशन सिस्टम से छेड़छाड़ की गई है। देश के दक्षिण में स्थित स्योबो के एक स्टोर ने सोशल मीडिया पर बताया कि रात के दौरान उनके फ्रिज और फ्रिजर को हैक कर लिया गया और उनका तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक सेट कर दिया गया।

भारत-वियतनाम संबंधों के 55 साल पूरे होने पर होंगे आयोजन

वियतनाम स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी जानकारी

एनएसए डोभाल ने वियतनाम के शीर्ष नेतृत्व से की 'मुलाकात' सुरक्षा सहयोग मजबूत करने पर बनी सहमति,कई मुद्दों पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और वियतनाम वर्ष 2027 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के 55 वर्ष पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसे लेकर सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और वियतनाम के विदेश मंत्री एवं कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के पोलित ब्यूरो सदस्य ले होआई ट्रुंग के बीच बैठक हुई।

दोनों नेताओं ने भारत-वियतनाम उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी के अनुरूप इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के तरीकों पर चर्चा की। वियतनाम स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी दी। दोनों देशों ने मई में वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम की भारत यात्रा के दौरान अपने द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया था। इसके बाद रक्षा, सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में प्रयास तेज हुए हैं।

डोभाल ने सोमवार को वियतनाम के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री और वरिष्ठ लेफ्टिनेंट जनरल लुओंग टैम क्वांग से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने सुरक्षा क्षेत्र में मौजूदा सहयोग की समीक्षा की और इसे और मजबूत बनाने पर चर्चा की। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारतीय दूतावास के अनुसार, दोनों देशों का सुरक्षा सहयोग आपसी विश्वास और गहरी सभ्यतागत साझेदारी पर आधारित है।

रविवार को राजधानी हनोई पहुंचे थे डोभाल



एनएसए डोभाल ने वियतनाम के उपप्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग से भी मुलाकात की। बैठक में दोनों देशों के बीच जारी रक्षा सहयोग की स्थिति की समीक्षा की गई और इस क्षेत्र में गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। डोभाल रविवार को आधिकारिक यात्रा पर वियतनाम की राजधानी हनोई पहुंचे थे। यात्रा के दौरान वह वियतनाम के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठकें कर रहे हैं। इनका उद्देश्य दोनों देशों के बीच उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत रक्षा, सुरक्षा और द्विपक्षीय सहयोग को नई गति देना है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28